विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911
सोफा, दीवान, कुर्सी, पलंग, डाईनिंग टेबल, ड्रेसिंग टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचरों के निर्माता एवं विक्रेता

# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 124 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 04 फरवरी 2025 डाक 05 फरवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
किन्नर अखाड़े की आचार्य ने महाकुंभ मेला 2025 के दौरान बसंत पंचमी के अवसर संगम त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाई



**देश-विदेश**
हमले के बाद पहली बार इवेंट में दिखे सैफ अली खान, हाथ में बंधी नजर आई बैंडेज



**फीचर**
विटामिन ई आपकी त्वचा को बनाए रखता है कोमल, मुलायम और जवां



### राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जवाब देंगे पीएम मोदी

## सोनिया-पप्पू यादव के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव की तैयारी



**नईदिल्ली, 04 फरवरी [एजेंसी]।**

संसद के बजट सत्र का आज चौथा दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम 5 बजे राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलेंगे। वहीं, कांग्रेस की राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी और लोकसभा के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव आ सकता है। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद सोनिया गांधी ने उनपर टिपण्णी की थी, जिसपर विवाद खड़ा हो गया। इसके अलावा महाकुंभ में मची भगदड़ के मामले पर विपक्ष दोनों सदनो में चर्चा की मांग कर सकता है। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने प्रयागराज में महाकुंभ भगदड़ के मुद्दे पर लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस पेश किया है। उन्होंने 29 जनवरी को हुई इस दुर्घटना की जांच की निगरानी सर्वोच्च न्यायालय से करने की मांग की है। एआईएमआईएम प्रमुख ने लोकसभा में अपने संबोधन के दौरान कहा है, मैं इस सरकार को सावधान और चेतावनी दे रहा हूं - यदि आप वर्तमान स्वरूप में वक्फ कानून लाते हैं और बनाते हैं, जो अनुच्छेद 25, 26 और 14 का उल्लंघन होगा, तो इससे इस देश में सामाजिक अस्थिरता पैदा होगी। इसे पूरे मुस्लिम समुदाय ने खारिज कर दिया है। कोई भी वक्फ संपत्ति नहीं बचेगी, कुछ भी नहीं बचेगा। संसद के बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आज (3 फरवरी) चर्चा में हिस्सा लिया था। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कई मुद्दों पर सरकार को घेरा। भाषण के दौरान राहुल गांधी ने कुछ ऐसा बोल दिया, जिसपर संसद में सरकार पक्ष और विपक्षी सांसदों के बीच बहस बहस हो गई।

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि विदेश मंत्री एस जयशंकर को तीन बार अमेरिका भेजा गया ताकि प्रधानमंत्री को वहां आने का न्योता मिल सके। राहुल गांधी की इस बात सत्ता पक्ष भड़क गया। केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने राहुल गांधी के बयान पर कड़ी आपत्ति जाहिर की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की ऐसी बयानबाजी नहीं चलेगी। इसके बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा, आप जो बोल रहे हैं, उसके तथ्यों को सदन के पटल पर रखना होगा। भाजपा सांसदों ने 3 फरवरी को सोनिया गांधी और पप्पू यादव के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया था। दोनों ने बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर कमेंट किया था। भाजपा ने इसे अपमानजनक बताया था।

### उपराज्यपाल की दिल्लीवासियों से अपील- लोकतंत्र के महापर्व पर अधिक से अधिक करें मतदान



**नईदिल्ली 4 फरवरी।** दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने राजधानी की जनता से पांच फरवरी को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है, उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व (पांच फरवरी) को दिल्ली के सभी लोग वोट करें। कहा कि विज्ञापनों के महाजाल से हटकर वोट करें और दिल्ली के विकास के लिए अपनी सरकार चुनें। उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली के विकास के लिए वोट जरूर करें। उन्होंने दिल्ली की जनता से पांच फरवरी को ज्यादा से ज्यादा वोट करने की अपील की है।

## चुनाव आयोग भी गजब, केस दर्ज होने पर बोलीं सीएम आतिशी



**नईदिल्ली, 04 फरवरी [एजेंसी]।**

आचार संहिता के उल्लंघन में दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। वहीं, आतिशी ने चुनाव आयोग को लेकर एक्स पर पोस्ट डाली है। आतिशी ने एक्स पर लिखा कि चुनाव आयोग भी गजब है। उधर, अरविंद केजरीवाल ने भी एक्स पर पोस्ट डालते हुए बीजेपी पर निशाना साधा है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में पुलिस की खुलेआम गुंडागर्दी चल रही है। मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने और आचार संहिता का उल्लंघन करने पर गोविंदपुरी थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। दक्षिणी पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री आतिशी चार फरवरी की रात को फतेह सिंह मार्ग पर काफी लोगों और गाड़ियों के साथ मौजूद थीं। उनके साथ 50 से 70 लोग और लगभग 10 गाड़ियां थीं। पुलिस ने बताया कि यह आचार संहिता का उल्लंघन है। फ्लाइंग स्क्वाड टीम की शिकायत पर गोविंदपुरी थाने में केस दर्ज हुआ है। यह केस बीएनएस की धारा 223 और आरपी ऐक्ट 126 के तहत दर्ज किया गया है।

### चीन ने दिया ट्रंप को करारा जवाब, अमेरिकी कोयला, क्रुड ऑयल पर लगाया 15 फीसदी टैरिफ



**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका के टैरिफ वॉर पर एक्शन लिया है। चीन ने फैसला किया है कि अमेरिका से आयात की जाने वाले सामानों पर 10 से 15 फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा। चीन ने अमेरिकी कोयले और एलएनजी उत्पादों पर 15 फीसदी टैरिफ लगाया है। वहीं, अमेरिकी कच्चे तेल और अन्य उत्पादों पर 10 फीसदी टैरिफ लगाया है। हाल ही में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलान किया था कि चीन पर 10 फीसदी इंपोर्ट टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रंप के फैसले पर चीन ने आपत्ति जाहिर की थी। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि थी अमेरिका का यह एकतरफा फैसला विश्व व्यापार संगठन के नियमों का उल्लंघन है।

### गाय चोरी की घटनाओं पर प्रभारी मंत्री की चेतावनी कहा- आरोपियों को बीच चौराहे पर गोली मार दी जाए



**बंगलूरू 04 फरवरी।** कर्नाटक के उत्तरी कन्नड़ जिले में बढ़ रहीं गाय चोरी की घटनाओं को लेकर प्रभारी मंत्री ने कड़ी चेतावनी दी है। जिला प्रभारी मंत्री मंकल एस वैद्य ने कहा कि इन घटनाओं में शामिल लोगों को सड़क और बीच चौराहे पर गोली मार दी जानी चाहिए। मैं जिले में ऐसी गतिविधियां बिल्कुल नहीं होने दूंगा। गायों की रक्षा करने और उनको पालने वालों के हित के लिए प्रशासन सभी आवश्यक कदम उठा रहा है। उत्तरी कन्नड़ जिले में हाल ही में गाय चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। पिछले दिनों होन्नवार ने एक गाय की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया था। मंत्री मंकल एस वैद्य ने कहा कि यूं तो गायों की चोरी कई साल से हो रही है। मैंने एसपी से कहा है कि यह रुकना चाहिए और किसी भी कीमत पर ऐसा नहीं होना चाहिए। यह गलत है। हम गाय की पूजा करते हैं। हम उन्हें प्यार से पालते हैं। हम इसका दूध पीकर बड़े हुए हैं। मैंने पुलिस को निर्देश दिया है कि इसके पीछे जो भी लोग हैं, चाहे वे कोई भी हों, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

## मुहूर्त का इंतजार कर रहे हो क्या, हिरासत केंद्रों में बंद लोगों को लेकर असम सरकार से नाराज हुआ सुप्रीम कोर्ट



**नईदिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने विदेशी घोषित किए गए लोगों को निर्वासित न करने के लिए असम सरकार पर नाराजगी जाहिर की है। असम की हिमंत बिस्वा सरमा सरकार की आलोचना करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कई सवाल उठाए। सुप्रीम कोर्ट ने लोगों को अनिश्चित काल तक हिरासत केंद्रों में रखने के लिए असम सरकार से सवाल किया। सुप्रीम कोर्ट ने असम के इस दावे पर भी सवाल उठाया कि निर्वासन संभव नहीं था क्योंकि प्रवासियों ने अपने विदेशी पते का खुलासा नहीं किया था।कोर्ट ने लोगों के निर्वासन को लेकर असम सरकार से ये भी पूछा कि क्या वो किसी मुहूर्त का इंतजार कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने असम सरकार को दो सप्ताह के भीतर हिरासत केंद्रों में रखे गए 63 लोगों को निर्वासित करने का निर्देश दिया।

### भूटान के राजा ने त्रिवेणी संगम पर पूजा-अर्चना की



**प्रयागराज।** भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्रिवेणी संगम पर पूजा-अर्चना की।

## श्रद्धालुओं के थिरुपरनकुन्द्रम पहाड़ी पर जाने पर प्रतिबंध



**तमिलनाडु 04 फरवरी।** पुलिस ने श्रद्धालुओं के थिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर जाने पर रोक लगा दी है।चूंकि विभिन्न धर्मों के लोग सोशल मीडिया पर थिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी के बारे में अपने विचार और मांगें अपलोड कर रहे हैं, इसलिए हिंदू संगठनों की ओर से मंगलवार (4 फरवरी) को थिरुपरनकुंद्रम मंदिर के सामने विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की गई। पुलिस विभाग ने इसके लिए अनुमति देने से इनकार कर दिया। इस संबंध में दो अलग-अलग धर्मों के लोगों के बीच असामान्य स्थिति की संभावना को देखते हुए पीएनएसएस अधिनियम की धारा 163 और दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत मदुरै जिले और मनकापुरा क्षेत्रों में निषेधाज्ञा लागू की गई। इसमें कहा गया कि यह निषेधाज्ञा 4 फरवरी की रात 12 बजे तक लागू रहेगी। ऐसे में श्रद्धालुओं के आज (4 फरवरी) एक दिन के लिए थिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर जाने पर रोक लगा दी गई है। उन्हें पहाड़ी पर स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर और सिकंदर दरगाह में जाने पर रोक लगा दी गई है।

### 2 ग्रामीण की हत्या नक्सलियों ने दिया अंजाम

**बीजापुर।** सुरक्षाबलों की ओर से की जा रही लगातार कार्रवाई के बाद भी नक्सली अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। छिटपुट घटनाओं को अंजाम देकर दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी बीत अब नक्सलियों ने एक बार फिर कायराना करतूत को अंजाम दिया है। माओवादियों ने बीजापुर जिले में दो ग्रामीणों की हत्या कर दी। मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला बीजापुर जिले के बासागुड़ा थाना इलाके का है। यहां नक्सलियों ने दो ग्रामीणों को मौत के घाट उतार दिया। मृतकों की पहचान राजू कारम और मुन्ना माडवी के रूप में हुई है।

## भूपेश बघेल को कांग्रेस से निष्कासित करे, आलाकमान को पत्र- आदिवासी, सतनामी और साहू विरोधी है

**रायपुर, 04 फरवरी [एजेंसी]।**



आरोप पर आरोप लगने की वजह से भूपेश बघेल की छवि गिरती जा रही है। सत्ता जाने के बाद भूपेश बघेल के खिलाफ सैकड़ों शिकायत कांग्रेस हाईकमान को मिले है। पार्टी के लिए OBC नेता होने की वजह से भूपेश बघेल पर कार्रवाई करने का भी आरोप अब बड़े नेताओं पर लग रहे है। ताजा शिकायत पत्र सामने आया है।

जिसमें भूपेश बघेल को आदिवासी, सतनामी और साहू विरोधी बताया जा रहा है। आगे शिकायत पत्र में कहा गया है कि राहुल जी आपने उदयपुर सम्मेलन में और कई जगह आदिवासियों के हितैषी होने के बारे में बड़ी-बड़ी बातें की पर आपके संरक्षण के कारण छत्तीसगढ़ प्रदेश जो कि आदिवासी, सतनामी और साहू बाहुल्य क्षेत्र है, यहां पर भूपेश बघेल ने सुनियोजित तरीके से इन्हें कमजोर करने का षड़यंत्र किया है ताकि इनमें से कोई वर्ग का नेता मुख्यमंत्री का दावेदार कभी ना हो सकें। वैसे भी कांग्रेस ने हमेशा से छत्तीसगढ़ में आदिवासियों के साथ छल किया जिसके कारण भूपेश का आदिवासी, सतनामी और साहू विरोधी चेहरा सामने आया । आदिवासियों के लिए प्रदेश में 29 सीटें आरक्षित है विधान सभा में, तो भूपेश बघेल हो या टी. एस. सिंहदेव या चरणदास महंत इन तीनों ने मिलकर एक रणनीति के तहत् आदिवासी नेतृत्व को कमजोर किया और कोई भी आदिवासी नेता मुख्यमंत्री का चेहरा ना बने. करके सबसे पहले जो आरक्षित सीटों की संख्या पहले 34 थी उसे षड़यंत्रपूर्वक घटाकर 29 कर दिया, कांग्रेस ने हमेशा चाहें अरविंद नेताम हो या महेन्द्र कर्मा, मोहन मरकाम, प्रेमसाय सिंह या राम पुकार सिंह या अमरजीत भगत, बोधराम कंवर हो या दीपक बैज प्यारे लाल कंवर, लखेश्वर बघेल हो या मनोज मंडावी, झुमुक लाल भेड़िया हो या चनेश राम राठिया, महेन्द्र बहादूर हो देवव्रत हो या सुरेन्द्र बहादूर ऐसा कोई आदिवासी नेता जो मुख्यमंत्री का दावेदार हो सकता था। उन्हें बघेल, महंत और सिंहदेव ने मिलकर निपटाया अन्य मामले में तीनों में मतभेद हो जाते हैं पर जहां कोई आदिवासी, सतनामी या साहू नेतृत्व उभरता है ये तीनों एक हो कर उन्हें निपटाते है या पार्टी छोड़ने को मजबूर कर देते हैं। उन्हें अपमानित कर करके ।

### बंदरगाह पर 9.2 करोड़ रुपये मूल्य की विदेशी सिगरेट जब्त

**तमिलनाडु।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने चेन्नई बंदरगाह पर थाईलैंड से तस्करी कर लाई गई 9.2 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की 4.6 लाख नकली सिगरेट जब्त की। थाईलैंड से समुद्र के रास्ते नकली सिगरेट की तस्करी किए जाने की विशेष सूचना के आधार पर, डीआरआई के अधिकारियों ने एक जहाज से चेन्नई बंदरगाह पहुंचे एक कंटेनर की तलाशी ली। कंटेनर में टेबलटॉप फायरप्लेस होने की घोषणा की गई थी, लेकिन डीआरआई टीम ने पाया कि कंटेनर के अंदर विदेशी ब्रांड की सिगरेट छिपाई गई थी। डीआरआई के अनुसार जब्त सिगरेट नकली हो सकती है और उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है। चूंकि खेप का कोई दावेदार नहीं था, इसलिए डीआरआई किसी को गिरफ्तार नहीं कर सका। तस्कर की पहचान के लिए जांच जारी है। इससे पहले, सीमा शुल्क अधिकारियों ने चेन्नई बंदरगाह पर 3.5 करोड़ रुपये की 20 लाख सिगरेट की छड़ें जब्त की थीं

## जमुई में भीषण हादसा, तिलक से लौट रही स्कॉर्पियो को बालू लदे ट्रक ने मारी टक्कर, 3 की मौत- 4 घायल



**जमुई/नवादा।** जमुई में सुबह-सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ है। जिसमें तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और 4 गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना अहले सुबह 3 बजे के करीब की है। मामला जमुई जिला के सिकंदरा चौक पर सड़क हादसे से जुड़ा है। गांव के लोग सोमवार को लखीसराय के अरमा गांव में तिलक देने को गए थे और मंगलवार की सुबह वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान सिकंदरा चौक पर एक बालू लदे ट्रक ने स्कॉर्पियो में जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसा इतना भयंकर था कि घटनास्थल पर वीरेंद्र सिंह उर्फ वीरू और रमाकांत सिंह की मौत हो गई।जबकि, वाहन पर सवार अन्य चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए घायलों को लेकर लोग नवादा लौट रहे थे। इसी क्रम में अरुण सिंह की मौत हो गई है। अन्य घायलों को इलाज के लिए स्वजन किसी अस्पताल लेकर गए है। बताया जाता है कि घटना सुबह तीन बजे की है। बालू लदा ट्रक जमुई से शेखपुरा की ओर जा रहा था। मृतक अरुण सिंह का शव गांव पहुंच चुका है। रुदन-क्रंदन से गांव में कोहराम मचा है।

## उत्तर प्रदेश में दो मालगाड़ी ट्रेनों की भिड़ंत, पटरी से उतरे इंजन


### डीएफसी की अपलाइन हावड़ा-दिल्ली रूट ठप



**फतेहपुर, 04 फरवरी [एजेंसी]।**

डेडीकेटेड फ्रेंट कॉरिडोर लाइन पर मंगलवार सुबह खागा कोतवाली के पांभीपुर गांव के सामने कोयला लदी खड़ी मालगाड़ी ट्रेन के पीछे प्रयागराज से कानपुर जा रही दूसरी कोयदा लदी मालगाड़ी ट्रेन जा टकराई। जिससे खड़ी ट्रेन का इंजन डिरेल होकर पटरी से खंदक में उतर गया जबकि टक्कर मारने वाली ट्रेन के गार्ड की बोगी ट्रैक से नीचे उतर गई। जिससे डीएफसी की अपलाइन हावड़ा-दिल्ली रूट ठप हो गई। डाउन लाइन बहाल है। खबर मिलते ही रेलपथ अभियंता के साथ कीमैन व ट्रैकमैनों की टीम मौके पर ट्रैक बहाल के कार्य में जुटी हुई है। हावड़ा-दिल्ली रूट पर सुबह करीब साढ़े चार बजे के करीब प्रयागराज से कोयला लादकर ट्रेन कानपुर जा रही थी। खागा कोतवाली के पांभीपुर में अप लाइन पर खड़ी मालगाड़ी के पीछे उक्त ट्रेन जा टकराई। जिससे डीएफसी में अप लाइन पूरी तरह से ठप हो गई। सूचना पर सिग्नल व रेलपथ के अफसर मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में जुटे हुए हैं। आरपीएफ के दारोगा दीपक यादव ने बताया कि सवारी गाड़ियों का आवागमन चालू है सिर्फ डीएफसी में ही अप लाइन ठप है, राहत कार्य चालू है।

डिलाईट फैशन
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
MENS LADIES KIDS ETHENIC
New Wedding Collection
Sherwani | Blazer
Coatsuit | IndoWestern
Up to 50% Discount
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099



स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करेः कलेक्टर



**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने आज नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 अंतर्गत मतदान और मतगणना हेतु आवश्यक व्यवस्था को लेकर नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्वाचन के कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। सभी व्यवस्था निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के तहत सुनिश्चित करते हुए जिले में पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ मतदान और मतगणना कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्वाचन के दौरान प्राप्त होने वाली शिकायतों को पंजी में दर्ज करते हुए त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि शिकायत शाखा को सूचना प्राप्त होने पर टीम संबंधित स्थान पर अलग से जाये और नियमानुसार कार्यवाही करे। शिकायत में किसी प्रकार की शिथिलता न हो। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर नजर बनाये रखने एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए तहसीलदार और थाना प्रभारियों की बैठक लेने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सभी नोडल अधिकारियों की बैठक लेते हुए कलेक्टर श्री वसंत ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु प्रतिदिन के कार्यक्रमों की जानकारी ली। उन्होंने मतदान कराने वाले सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम के हैंड्स ऑन पर जोर देने तथा आवश्यक प्रपत्रों को सही-सही भरने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने राजनीतिक दलों एवं अन्य अभ्यर्थियों की उपस्थिति में ईवीएम का रेंडमाइजेशन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण समय पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायत सीईओ को चेकलिस्ट तैयार कर मतदान सामग्री के साथ वितरित कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करने ग्रामीण क्षेत्रों में कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराने, शहरी क्षेत्र में दीवार लेखन कराने, कचरा उठाने वाले वाहनों में बैनर पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने डाक मतपत्र, ईडीपी में गोपनीयता बरतने के निर्देश दिए। बैठक में मतदान दिवस के दिन हर दो घंटे में मतदान प्रतिशत की जानकारी, किसी मतदान केन्द्र में मशीन में खराबी आने पर उसे बदलने हेतु रिजर्व मशीन की व्यवस्था, तथा मतदान दलों से वोटिंग के पश्चात मशीनों को प्राप्त करने एवं स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने वाहन व्यवस्था, निर्वाचन व्यय मॉनिटरिंग, मीडिया प्रमाणन, विद्युत व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था आदि के संबंध में भी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर श्री मनोज कुमार बंजारे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा सिंह सहित नोडल अधिकारी उपस्थित थे।



## जिला पंचायत सदस्य के चुनाव के लिए 111 अभ्यर्थियों ने लिए नाम निर्देशन पत्र,अब तक 123 नामांकन दाखिल

### करतला क्षेत्र में सर्वाधिक उम्मीदवार मैदान में

**कोरबा।** जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 3 फरवरी तक कुल 111 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र क्रय किये जबकि 123 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। कई प्रत्याशियों ने एक से अधिक नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। नामांकन जमा करने की आज अंतिम तिथि थी। आज 7 अभ्यर्थियों ने निर्देशन पत्र लिए और 19 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किए। चुनाव क्षेत्र क्रमांक 4 करतला (अनारक्षित) के लिए सबसे अधिक 19 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए और 22 ने नामांकन दाखिल किए गए।जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं पंचायत चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी श्री दिनेश कुमार नाग ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम और निर्वाचन नियमों के अनुसार सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिला प्रशासन ने चुनावी प्रक्रिया को सुरक्षित और निष्पक्ष बनाने के लिए सख्त इंतजाम किए हैं। नामांकन प्रक्रिया के दौरान जिला पंचायत कार्यालय में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी गई है।

## जिला रेड क्रॉस सोसाइटी का योगदान उल्लेखनीय : राम सिंह

**कोरबा ।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा कोरबा व छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ जिला कोरबा के तत्वाधान में कोरबा से 20 किलोमीटर दूर गाढ़ी ग्राम में शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय में रक्तदान शिविर में रक्तदान महादान का शुभारंभ करते हुए अग्रवाल ने कहा कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा कोरबा का गठन मात्र दो माह के अवधि में समिति ने जिले में जन सेवा के रूप में उल्लेखनीय कार्य किया है और हमें उम्मीद है की रेड क्रॉस सोसाइटी जिले में ब्लड बैंक सहित जन सेवा के कार्यों में तेजी से कार्य करेगी जिससे कोरबा के गरीब उपेक्षितों को लाभ मिलेगा । इस अवसर पर छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ की प्रशंसा करते हुए अग्रवाल ने कहा कि अखबार वितरक संघ ने जिले में जनहित में लगातार कार्य रही है छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के पदाधिकारी की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। आगंतुक अतिथियों का आभार तपश्चात रक्तदानी को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन राजेंद्र प्रसाद तिवारी, कोषाध्यक्ष राजेश बगड़िया, व छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ की ओर से पदम सिंह चंदेल, विपेन्द्र कुमार साहू, जय सिंह नेताम,दिनेश कश्यप उर्फ बंटी, रेशम लाल साहू, राकेश साहू, परमेश सिंह चंदेल,श्रद्ध. आकांक्षा चंदेल,सरदार मनिंदर सिंह हाण्डा एवं गाढ़ी ग्राम के पंच सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सत्संग के माध्यम से जीवन को बनाए सार्थक : आचार्य देवशरण

**प्रयागराज।** सर्वधर्मार्थ कल्याण सेवा समिति छत्तीसगढ़ के संस्थापक श्री राम कथा एवं श्रीमद भागवत कथा के मर्मज्ञ पंडित देवशरण दुबे के गुरुदेव कैलाशवासी परम पूजनीय 108 गोमती गिरी गोस्वामी जी के 13 वें बैकुण्ठ पावन उत्सव पर श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा प्रयागराज उत्तरप्रदेश महाकुंभ में प्रारंभ हुई । व्यासपीठ से पंडित देवशरण दुबे संगीतमयी सुमधुर वाणी से कथा का श्रोताओं को रसपान करा कर जीवन में श्रीमद भागवत के माध्यम से आनंद एवं परमानन्द की प्राप्ति का उपाय बता रहे है। उन्होंने कहा की जब धरती पर श्रीराम एवं श्रीकृष्ण जी जन्म हुआ तो देवता भी उनके



दर्शन हेतु पृथ्वी पर आये। और हम मानव इन सबके विपरीत ईश्वर से साक्षात्कार कराने वाली इस भागवत कथा को न सुनते हैं न जाते ही हैं। जबकि इससे हमें लाभ में जन्म जन्मांतर के पाप से मुक्ति मिल जाती है। अतः हम सभी को इस दुर्लभ मानव जन्म को प्रभु के नाम का आश्रय लेकर, भागवत कथा श्रवण कर एवं सत्संग के माध्यम से सार्थक बनाना चाहिए। और इसमे भी जब हम कथा का श्रवण तीर्थ स्थान में करते हैं तो हमे इसका अनंत गुना एवं अक्षय फल प्राप्त होता है। अतः हमें ऐसे अवसर का लाभ अवश्य उठाना चाहिये इस कारण से ही इस बार गुरुदेव जी के 13 वें बैकुण्ठ उत्सव की कथा हम तीर्थराज प्रयागराज महाकुंभ उत्तरप्रदेश में कर रहे हैं । 04 फरवरी 2025 मंगलवार को सहस्त्र धारा एवं भोग भंडारे के साथ कथा को विश्राम दिया जायेगा। कथा के अंत में श्रीमद भागवत भगवान जी की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में पंडित दिलीप अवस्थी, विकास गौतम, रमाकांत शुक्ला, उत्कर्ष गौतम, वीरेंद्र मिश्रा, राम आत्मा, हरी ओम, रवीन्द्र पांडे, विनीत, रामप्रकाश, अनमोल द्विवेदी, अंकित गौतम, प्रशांत तिवारी, दीपांशु, दिवाकर, संतोष, देवप्रकाश, सूरज, सुरप्रीत ओझा, प्रियांशु गौतम, प्रदीप कुमार शर्मा, विनोद शुक्ला, स्नेह गौरहा, संत अविचल दास एवं हर्ष नारायण शर्मा के अलावा मनीष अग्रवाल, रूपाली साह, विजय साहू, अभय मिश्रा तथा नीता दुबे विशेष रूप से उपस्थित होकर अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हुये कथा श्रवण कर पुण्यलाभ प्राप्त कर रहे हैं।

# 'उड़ता' को मॉडल पंचायत की श्रेणी में लाने अब सरपंच पति उतरे चुनाव मैदान में

**कोरबा/पाली।** पंचायती चुनाव के इस माहौल में गांवों के चौपालों में अपने- अपने प्रत्याशियों को लेकर चर्चाओं का दौर है। कुछ पुराने सरपंच आरक्षण के हिसाब से स्वयं अथवा पत्नी को मैदान में उतार पुनः किस्मत आजमाने को तैयार है, तो वहीं सरपंच पद के नए चाहवानों ने भी लोगों की नब्जें टटोलनी शुरू कर दी हैं। भावी सरपंच लोगों को विकास व सेवा का आईना दिखा रहे हैं तो वहीं मौजूदा सरपंच विकास का लेखा- जोखा लोगों के सामने रखते हुए एक मौका और देने बात कह रहे हैं। अपने- अपने कार्यकाल में मौजूदा पंचायतों ने गांवों में क्या विकास करवाया और क्या अभी अधूरा है, इस पर पाली विकासखण्ड के एक ग्राम पंचायत उड़ता के विकास कार्यो की ग्राउंड रिपोर्ट से अवगत करवा रहे है। इस गांव में वैसे तो कोई बड़ी शख्सियत नही है, लेकिन यहां की निवर्तमान महिला सरपंच द्वारा अपने दो पंचवर्षीय कार्यकाल में करोड़ो के विकास को धरातल पर उतारा है। इस ग्राम की जनसंख्या लगभग 2300 और 1560 मतदाता संख्या है। यहां महिला सरपंच के दस वर्षीय कार्यकाल में विकास कार्यों पर नजर दौड़ाई जाए तो एक बड़ी राशि विकास पर खर्च हुई है। गांव की बागडोर संभालते हुए सरपंच श्रीमती मीना कंवर ने बुनियादी सुविधाओं और निर्माण कार्यों से गांव की तस्वीर बदलने का दम्भ भरा है। हालांकि इसके पूर्व सरपंच कार्यकाल के समय मे भी विकास पर मोटी राशि खर्च हुई लेकिन मौजूदा समय और पूर्व समय के बीच विकास कार्यों की तुलना करने पर सामने आया कि इस समय गांव विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हुआ है। सरपंच मीना कंवर के कार्यकाल में वैसे रिकॉर्ड विकास हुआ है। इसका प्रमाण गांव के हर हिस्से में स्पष्ट तौर पर नजर आता है। लेकिन सरपंच ने गांव की बागडोर संभालते ही सर्वप्रथम गांव की 3 सबसे बड़ी समस्याओं को सुलझाने की प्रक्रिया शुरू की। पंचायत ने सर्वप्रथम पेयजल व्यवस्था की दिशा में 5 स्थानों पर सोलर चलित ड्यूलपम्प और अनेक जगहों पर बोर खनन कार्य करा उसमें सबमर्सिबल, सिन्टेक्स के माध्यम से पीने के पानी की समस्या को दूर की। शिक्षा व्यवस्था पर हाईस्कूल में शिक्षकों की कमी दूर करने 2015 से 2018 तक तीन शिक्षा सत्र में पंचायत की ओर से अतिथि शिक्षक के माध्यम से छात्र- छात्राओं की पढ़ाई में आ रही व्यवधान दूर की, तो छात्र- छात्राओं के प्रोत्साहन हेतु 10वी में प्रथम आने वाले को 5 हजार और 8वी प्रथम को 500 रुपए की राशि प्रदान की जाती है। इसके अलावा बोर्ड परीक्षा में 92 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले प्रतिभावान बच्चों को 21 हजार प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की गई है। सड़कों को लेकर पटेलपारा से बस्तीपारा आधा किलोमीटर व उड़ता से सिरबिदिहापारा एक किलोमीटर की सीसी कांक्रीट सड़क का निर्माण कराई। इसके अलावा गांव की गलियों का कांक्रीटीकरण, नाली, आंगनबाड़ी भवन, पचरी, मंच, सामुदायिक भवन, पुलिया निर्माण के कार्य को प्राथमिकता दी। निवर्तमान सरपंच के मुताबित गांव के विकास पर करोड़ो खर्च हुए है। गत 2015 में प्रथम बार निर्वाचित होने वाली सरपंच मीना कंवर की सबसे बड़ी उपलब्धि मनरेगा कार्यों को लेकर माना जा रहा है। जिन्होंने जीत हासिल करने के बाद सर्वप्रथम मनरेगा मजदूरों की समस्या का निराकरण करते हुए उक्त कार्यों में नियोजित मजदूरों के लंबित 37 लाख के मजदूरी भुगतान कराकर उन्हें राहत दी। वहीं अपनी कार्यकाल में मनरेगा के तहत अनेको तालाब का निर्माण, भूमि समतलीकरण, गहरीकरण कार्य, डबरी, कुंआ निर्माण के कार्य कराकर जाब कार्डधारी स्थानीय ग्रामीण मजदूरों को भरपूर रोजगार मुहैया कराई। जिससे इस ग्राम के लोगों को काम की तलाश में बाहर जाने की आवश्यकता महसूस नही हुई। जिसके लिए ग्रामीण उनके कार्यकाल की सराहना कर रहे है।

करोड़ो के विकास कार्यो से गांव को बेहतर बनाने वाली निवर्तमान सरपंच मीना कंवर के पति कुमार सिंह कंवर इस बार चुनाव मैदान में प्रत्याशी बन उतरे है। उनका कहना है कि ग्राम के विकास में मेरी पूरी पंचायत वासियों ने अति सराहनीय सहयोग मेरी पत्नी को दिया। जिस विकास के गति को आगे बढ़ाने के लिए मैने सरपंच चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। मुझे गांव की जनता पर पूरा भरोसा है कि आशीर्वाद स्वरूप अपना मत मुझे देंगे। यदि जनता मुझ पर यकीन जताती है तो मैं उनके भरोसे पर खरा उतरने हरसंभव प्रयास करूंगा। ग्राम के पात्र लोगो को आवास, पट्टा, पेंशन का लाभ दिलाने प्रयत्नशील रहूंगा तथा जो विकास कार्य नही हो पाए उन्हें पूर्ण कराकर अपनी पंचायत को मॉडल पंचायत की श्रेणी में लाने प्रयास करूंगा।

## साहू समाज की चुनावी रणनीति पर हुई विशेष चर्चा,प्रमुख पदाधिकारी रहे उपस्थित

**कोरबा ।** आगामी नगर निगम चुनाव को लेकर साहू समाज के पदाधिकारियों की एक विशेष बैठक परशुराम भवन, बुधवारी में आयोजित की गई। इस बैठक में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने चुनावी रणनीति, समाज के प्रतिनिधित्व और भविष्य की दिशा को लेकर गहन मंथन किया। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से कौशल कुमार साहू, गंगा प्रसाद साहू, कामता प्रसाद साहू, दामन साहू, जितेंद्र साहू एवं गिरधारी लाल साहू सहित अन्य उपस्थित रहे। उनके साथ ही ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार चंद्रा, जगेंद्र देवांगन एवं जगदीश श्रीवास भी इस महत्वपूर्ण चर्चा में शामिल हुए। इस दौरान समाज की राजनीतिक भागीदारी, स्थानीय निकाय चुनावों में प्रतिनिधित्व और समाज के उत्थान से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने चुनाव में सामाजिक एकजुटता को बनाए रखने और साहू समाज के प्रत्याशियों को समर्थन देने पर जोर दिया।

उक्त बैठक में निर्णय लिया गया कि समाज के विकास और सशक्तिकरण के लिए सभी को एकजुट होकर सहयोग करना चाहिए। पदाधिकारियों ने साहू समाज के सभी नागरिकों से अपील की कि वे समाज की प्रगति और बेहतर नेतृत्व के लिए सही प्रत्याशियों का समर्थन करें। नगर निगम चुनाव को लेकर साहू समाज की यह बैठक अहम मानी जा रही है, जिससे चुनावी समीकरणों पर भी असर पड़ सकता है।

## बसंत चंद्रा बनें कुसमुंडा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष

**कोरबा ।** कोरबा जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सपना चौहान ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन के बाद पूर्व पार्षद बसंत चंद्रा को कुसमुंडा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। यहां के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पहले सनिश कुमार थे। उनकी पत्नी नगर निगम के वार्ड क्रमांक 66 भैरोताल से पार्षद पद का निर्दलीय चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस से बगावत करने पर सनिश कुमार को हटाकर बसंत चंद्रा को नई जिम्मेदारी दी गई है। कांग्रेस कार्यालय में बसंत चंद्रा को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत सहित अन्य

### जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ेंगे कांग्रेस के पूर्व विधायक मोहित केरकेट्टा,भरा नामांकन

**कोरबा ।** पाली-तानाखार के पूर्व कांग्रेस विधायक मोहित केरकेट्टा जिला पंचायत सदस्य का चुनाव कोरबा जिला के क्षेत्र क्रमांक 12 पोड़ी-उपरोड़ा से लड़ेंगे उन्होंने अपना फार्म भी कांग्रेस के बड़े नेताओं को सूचित करते हुए भरा हैं। विधानसभा चुनाव 2024 में विधायक रहते हुए।

## ब्रह्मकुमारी जमनीपाली सेवा केन्द्र ने किया भागवत गीता ज्ञान यक्ष प्रवच्चन माला का आयोजन



**कोरबा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के जमनीपाली सेवाकेंद्र द्वारा रामनगर में 7 दिवसीय श्रीमद भागवत गीता ज्ञान यज्ञ प्रवचन माला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साई मन्दिर से कलश यात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर रामनगर साई मन्दिर के पुजारी श्री सतानंद महाराज, बीके रुक्मणी दीदी, बीके बिन्दु दीदी, बीके विद्या दीदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर किया गया, तपश्चात प्रवचन वक्ता राजयोगिनी तुलसी दीदी जी का स्वागत किया गया। गीता का अध्यात्मिक रहस्य बताते हुये दीदी जी ने कहा कि गीता एक पवित्र ग्रंथ है जो भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया ज्ञान है। गीता का वर्णन करते हुए उन्होने बताया की कौरोवो के सारे भाईयो का नाम दू से शुरू होता है ओर दू अर्थात् दुख देने वाला। उन्होने कहा कि कौरव अर्थात् देह अभिमान। दीदी जी ने कहा कि हम सबको अवश्य ही गीता का अध्ययन करना चाहिये। उन्होने कहा कि आजकल मनुष्य चाँद तक पहुंच गया है लेकिन अपने अन्दर को नहीं जान पाया।

हर व्यक्ति चचाहता है कि हमे शांति मिले। अगर हम भगवान से रिश्ता जोडते है तो वो हमारा कदम कदम पर मदद करता है। अगर हम अपने संस्कारो को देवता जैसे बनायेंगे तब ही हम उस राम नगरी में जा पायेंगे। हमे अपने जीवन में ऐसे कर्म करना चाहिए जो हमारी अंतिम घड़ी में भी हम खुशी खुशी जा सकते है और उन्होंने बताया कि हमारे बुलाने पे भगवन इस धरा पर आ चुका है तो हम क्यों नही अपने इस भागदौड़ वाली ज़िन्दगी से अपने लिए कुछ समय निकाल उनके द्वारा दिए जा रहे गीता ज्ञान को सुनके अपने जीवन को खुशहाल बना सके 7 कार्यक्रम के पहले दिन लगभग 200 लोगो ने लाभ लिया और अपने जीवन को खुशहाल बनाने का तरीका सिखा ।

## कोरबा के पूर्व कलेक्टर समेत कई लोगों के संपत्ति कुर्क की ईडी ने

**कोरबा।** प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के जोनल ऑफिस ने अवैध कोयला लेवी घोटाले में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सूर्यकांत तिवारी सहित कई आरोपियों की 100 से अधिक चल और अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। इन संपत्तियों की कुल कीमत लगभग 49.73 करोड़ रुपये आंकी गई है, जिसमें वाहन, नगदी, आभूषण और बेनामी भूमि शामिल हैं।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इस मामले में पहले ही कई महत्वपूर्ण संपत्तियों को जब्त किया है। ईडी ने आईएएस अधिकारी रानू साहू, समीर बिश्नोई, सौम्या चौरसिया, जय प्रकाश मौर्य, राम गोपाल अग्रवाल, राम प्रताप सिंह, विनोद तिवारी, चंद्र देव प्रसाद राय और देवेंद्र सिंह यादव की कुल 55.37 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां जब्त की हैं। इस मामले में राम गोपाल अग्रवाल फरार हैं, जिनकी ईडी सरगर्मी से तलाश कर रही है। हालांकि, राम प्रताप सिंह, विनोद तिवारी और चंद्र देव प्रसाद राय को कोर्ट से गिरफ्तारी में राहत मिली हुई है। अब तक, ईडी ने इस घोटाले में कुल 270 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त की हैं और 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसके अलावा, ईडी ने 26 आरोपियों के खिलाफ विशेष कोर्ट में तीन अभियोजन शिकायतें दायर की हैं। जांच में पता चला है कि निजी व्यक्तियों का एक समूह, राज्य के वरिष्ठ राजनेताओं और नौकरशाहों के साथ मिलकर कोयला ट्रांसपोर्टरों से जबरन वसूली में संलिप्त था। उन्होंने जुलाई 2020 और जून 2022 के बीच परिवहन किए गए कोयले के प्रति टन 25 रुपये अवैध रूप से वसूले। इस अवधि के दौरान, अपराध की कुल आय लगभग 540 करोड़ रुपये थी, जो छत्तीसगढ़ में कोयला ट्रांसपोर्टरों से जबरन वसूली गई थी। अवैध धन का उपयोग सरकारी अधिकारियों और राजनेताओं को रिश्वत देने के लिए किया गया था, साथ ही कुछ हिस्सा चुनावों में भी खर्च किया गया था। छत्तीसगढ़ कोल लेवी घोटाला एक बड़ा वित्तीय घोटाला है, जिसमें राज्य में कोयले के परिवहन पर अवैध रूप से प्रति टन 25 रुपये की लेवी वसूली की गई। इस घोटाले में वरिष्ठ नौकरशाहों, व्यापारियों, राजनेताओं और बिचौलियों के एक 'कार्टेल' का संलिप्तता सामने आई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में यह खुलासा हुआ कि कोरबा जिले के कलेक्टर रहे रानू साहू ने इस अवैध लेवी के संग्रह में सुविधा प्रदान की और भारी रिश्वत प्राप्त की। इस घोटाले में कांग्रेस के दो विधायकों, देवेंद्र सिंह यादव और चंद्रदेव प्रसाद राय के नाम भी सामने आए हैं। ईडी के अनुसार, यादव को खैरागढ़ उपचुनाव और अन्य खर्चों के लिए लगभग तीन करोड़ रुपये मिले, जबकि राय को 46 लाख रुपये मिले।

## धान बेचने नहीं पहुंचे जिले के 9694 किसान

**कोरबा ।** इस साल प्रदेश सरकार को समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए 54,121 किसानों ने पंजीयन कराया था। लेकिन 44,427 किसानों ने ही धान की बिक्री की है। 9694 किसान धान बेचने के लिए नहीं पहुंचे। प्रशासन का कहना है कि धान खरीदी को लेकर शुरू से सतर्कता बरती जा रही है। उन किसानों से ही धान खरीदा गया जिन्होंने अपने खेत में धान का उत्पादन किया था। जिन्होंने धान की बोआई नहीं की थी उन पर नजर थी और वे बिचौलियों का धान सोसायटी में नहीं खपा सके। किसानों ने लगभग 56,157 हेक्टेयर में लगाए गए धान की फसल को सरकार बेचा है। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य पूरा हो गया है। इस साल किसानों से लगभग 670 करोड़ रुपए का धान खरीदा गया है। किसानों ने प्रदेश सरकार को 29,15,548 क्विंटल धान बेचा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में किसानों से धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू हुई थी। 31 जनवरी तक समर्थन मूल्य पर धान खरीदा गया। इस अवधि में किसान बड़ी संख्या में धान की बोरियां लेकर बेचने के लिए केंद्रों तक पहुंचे। सहकारी समितियों की ओर से धान की जांच की गई और इन्हें खरीदा गया। इन्हें खरीदकर अलग-अलग बोरियों में रखा गया, लेकिन समय पर उठाव शुरू नहीं हो सका और अभी जिले के अलग-अलग केंद्रों में धान की बोरियां पड़ी हुई है। इस बीच धान खरीदी ने पिछले साल के रिकार्ड को तोड़ दिया है। पिछले साल लगभग 28 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। इस बार पैदावार अधिक होने से किसान बड़ी संख्या में धान की बोरियां लेकर खरीदी केंद्रों तक पहुंचे। अलग-अलग केंद्रों में धान खरीदी की निर्धारित तिथि तक 29,15,548 क्विंटल धान की खरीदी हुई। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया है कि धान खरीदी के बदले किसानों को 670 करोड़ 57 लाख 62 हजार रुपए का भुगतान किया गया है। समर्थन मूल्य पर प्रशासन की ओर से जितना धान खरीदा गया है उसका लगभग 17.75 फीसदी हिस्सा खरीदी केंद्रों में पड़ा हुआ है। इसे उठाने के लिए विपणन विभाग की ओर से मिलर्स को डीओ जारी किया गया है, लेकिन उठाने की शर्त कठिन होने के कारण मिलर्स समय पर कोरबा जिले के धान खरीदी केंद्रों से बोरियों का उठाव नहीं कर पा रहे हैं। जिले के 65 उपार्जन केंद्रों पर 5,16,135 क्विंटल धान पड़ा हुआ है। हालांकि विपणन विभाग का कहना है कि मिलर्स को धान उठाने के लिए दबाव डाला जा रहा है और जल्द ही जिले से धान की बोरियों का उठाव कर लिया जाएगा। अलग-अलग केंद्रों पर सबसे अधिक मोटा धान जाम है। इस साल किसानों ने समर्थन मूल्य पर मोटा और सरना धान ही बेचा है। इस साल पहली बार ऐसा हुआ है जब किसानों ने प्रदेश सरकार को एक दाना भी पतला धान नहीं बेचा है। बताया जाता है कि प्रदेश मोटा धान का उपज अधिक होने के कारण किसानों ने सबसे अधिक इसकी बोआई की थी। कुछ क्षेत्रों में किसानों ने अपनी घरेलू जरूरतों को पूरी करने के लिए पतला धान उठाया है।

## वार्ड क्र. 13 एवं 36 में चलाया गया मेगा स्वच्छता अभियान

**कोरबा ।** स्वच्छता महाअभियान के आठवें दिन निगम के वार्ड क्र. 13 व 36 में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित की गई, वृहद पैमाने पर साफ-सफाई के कार्य, कचरे का उठाव व परिवहन एक अभियान के रूप में किया गया तथा इन वार्डो के विभिन्न मोहलों व बस्तियों में भ्रमण कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। निगम प्रशासक एवं कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन तथा निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय के दिशा-निर्देशन में 25 जनवरी से नगर पालिक निगम कोरबा के वार्डो में निर्धारित कार्यक्रमानुसार स्वच्छता का महाअभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत सोमवार 03 फरवरी को नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 13 परिवहन नगर एवं वार्ड क्र. 36 पाड़ीमार क्र. 01 के विभिन्न मोहल्लों, सड़कों, आवासीय क्षेत्रों, गलियों आदि में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित कराई गई, इस दौरान नालियों की सफाई, सड़कों की सफाई व सड़कों के किनारे की बर्म, झाड़ियों आदि की सफाई, धूल मिट्टी आदि की सफाई का कार्य करते हुए कचरे का उठाव व परिवहन के कार्य एक अभियान के रूप में किए गए। इस दौरान निगम अधिकारियों ने बस्तियों का भ्रमण कर सफाई कार्यो का जायजा लिया तथा बस्तीवासियों से अपील की कि वे सड़क, नाली, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न डालें तथा शहर को साफ-सुथरा रखने में अपना सहयोग दें। इस अवसर पर निगम के उपायुक्त पवन वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, कार्यपालन अभियंता एन.के. नाथ, राकेश मसीह, सुनील टांडे, सोमनाथ डेहरे, सुनील वर्मा, सचिन्द्र थवाईत सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता प्रदान

# लोकेश राठौर ने क्षेत्र क्रमांक 1 से दाखिल किया नामांकन



**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 सरखों से युवा नेता लोकेश राठौर ने अपने समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर आयोजित रैली में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए, जिन्होंने जिला मुख्यालय की सड़कों को जाम कर दिया। यह रैली दिनभर जिले में चर्चा का विषय बनी रही और इससे यह स्पष्ट हो गया कि लोकेश राठौर को क्षेत्र की जनता का भरपूर समर्थन प्राप्त है।

रैली में युवा, किसान, बुजुर्ग और महिलाओं की भारी भीड़ ने यह दिखा दिया कि लोकेश राठौर इस चुनाव में एक मजबूत दावेदार के रूप में उभर रहे हैं। उनके समर्थकों ने जोशीले नारों के साथ चुनावी माहौल बना दिया। रैली की शुरुआत लिंक रोड स्थित कार्यालय से हुई, जो माँ काली आश्रम स्वामी सुरेंद्र नाथ के आशीर्वाद प्राप्त कर बीटीआई चौक विधायक ब्यास कश्यप के अभिभाषण उपरांत कलेक्ट्रेट चौक, वसुंधरा उद्यान होते हुए कलेक्टोरेट तक पहुंची। इस दौरान रैली में शामिल लोगों का जोश और आत्मविश्वास साफ तौर पर देखने को मिला।

लोकेश राठौर की इस नामांकन रैली ने क्षेत्र की राजनीतिक फिजा को पूरी तरह बदल दिया है।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों का समर्थन यह दर्शाता है कि जनता बदलाव चाहती है और उन्हें एक योग्य नेतृत्व की आवश्यकता है। रैली में शामिल लोगों ने बताया कि लोकेश राठौर की सोच और कार्यशैली क्षेत्र के विकास के लिए अनुकूल है।

ग्राम सिवनी से आए एक ग्रामीण ने कहा, हमें ऐसा नेतृत्व चाहिए जो हमारी समस्याओं का समाधान करे और क्षेत्र को विकास की दिशा में आगे बढ़ाए। लोकेश राठौर की सोच इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। वहीं गांव खोखरा से आए ग्रामीण ने कहा, हमें पूरी उम्मीद है कि लोकेश राठौर हमारे क्षेत्र को और आगे ले जाएंगे, हम उनके साथ हैं।

रैली में बोडसरा, हथिटिकरा, मरकाडीह, करमंदी, तेंदुभाठा, बनारी, पाली, सरखों क्षेत्र के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। नामांकन दाखिल करने के बाद मीडिया से बातचीत में लोकेश राठौर ने कहा, मुझे जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। मैं जनता की सेवा के लिए चुनावी मैदान में हूं और उनका आशीर्वाद मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मेरा मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र की समस्याओं को दूर करना और हर वर्ग को न्याय दिलाना है। इस बार हम सब मिलकर क्षेत्र के विकास की नई दिशा तय करेंगे।

लोकेश राठौर के इस शक्ति प्रदर्शन से यह तय हो गया कि वे इस चुनाव में एक मजबूत और प्रभावशाली नेता के रूप में सामने आए हैं।

# ज्ञानोदय विद्यालय में वार्षिकोत्सव आयोजित, विद्यार्थियों ने दी रंगारंग प्रस्तुति




**जांजगीर।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर मे वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय राठौर वरिष्ठ साहित्यकार, कार्यक्रम के अध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद यादव अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति एवं वरिष्ठ साहित्यकार तथा विशिष्ट अतिथि संतोष कश्यप वरिष्ठ साहित्यकार थे। आमंत्रित अतिथियों को स्वागत द्वार से शाला प्रबंधन समिति, शिक्षक-शिक्षिकाओ, छात्र - छात्राओं द्वारा पुष्प वर्षा करते हुए सम्मान के साथ मंच तक लाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजन अर्चना कर किया गया तत्पश्चात अतिथियो का सम्मान विद्यालय के प्राचार्य डॉ सुरेश यादव द्वारा शाल एवं श्रीफल भेंटकर किया गया । प्रभारी शिक्षक पुष्पेन्द्र राजनाथ व प्रिया कोसरे , मनहरण सूर्या एवं किरण यादव द्वारा पुष्प गुच्छ तथा बैच लगाकर अतिथियों का सम्मान किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ सुरेश यादव ने अपने स्वागतीय उद्बोधन मे शैक्षणिक सत्र मे हुए खेलकूद, विज्ञान प्रदर्शनी , रंगोली प्रतियोगिता , निबंध प्रतियोगिता, चित्र कला प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता जैसे विद्यालयीन गतिविधियों तथा विद्यालय के शैक्षणिक विकास की जानकारी दी। वार्षिकोत्सव के आयोजन की शिक्षक- शिक्षिकाओ , पालको , छात्र-छात्राओ को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियो का सर्वांगीण विकास होता है । हमारे विद्यालय के विद्यार्थी न केवल विद्यालय, जिला स्तर अपितु प्रदेश स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं । इस अवसर पर अतिथियो के कर कमलो से विगत वर्ष की वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान तथा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में 90त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र -छात्राओ तथा हाकी खेल मे राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाली छात्रा गुंजन सूर्यवंशी को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के आसंदी से श्री विजय राठौर ने कहा कि हमने इस संस्थान को कई बड़े संस्थानो तक प्रगति करते देखा है और यंहा से अध्ययन करके छात्र-छात्राए अनेक उच्च पदो पर कार्य कर रहे है ,यह संस्थान और यंहा अध्ययनरत छात्र-छात्राए एक नयी ऊंचाई को प्राप्त करे , यही शुभकामना है । कार्यक्रम के अध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद यादव ने अपनी रचनाओ के माध्यम से कहा कि यह वार्षिकोत्सव माता-पिता के लिए अपने बच्चो की वृद्धि और विकास को देखने का एक मंच भी प्रदान करता है ।वार्षिकोत्सव छात्रो के बीच सीखने, रचनात्मकता और एकता की भावना का जश्न मनाने और अविस्मरणीय यादो की एक दीर्घकालिक छाप छोड़ती है । विशिष्ट अतिथि संतोष कश्यप ने भी अपने उद्बोधन मे दर्शकों को विद्यालय की विशेषताओ, सुनियोजित पाठ्यक्रम और आधुनिक सुविधाओ का जिक्र करते हुए विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओ को आयोजन के लिए बधाई प्रेषित किया । सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा बारहवीं, ग्यारहवीं एवं दसवीं के छात्राओ द्वारा सरस्वती वन्दना नृत्य एवं स्वागत नृत्य से हुआ । कार्यक्रम मे अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनो माध्यम के नर्सरी से कक्षा बारहवी तक के छात्र-छात्राओ द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढी लोक नृत्य, टुकुर टुकुर देख टकाटक, गलती से मिस्टेक, हम तो सनातनी आन , सुआ नृत्य, नाटक सोशल मिडिया , साउथ इंडियन डांस , बिहाव नृत्य , आदिवासी नृत्य , हमर सुघर छत्तीसगढ , टुकनी धरके आबे गोरी तै महुआ बिने ल , हरियाणवी लोक नृत्य, उडिसा नृत्य, गुजराती नृत्य, रीमिक्स डांसो की श्रृंखला की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया । कार्यक्रम का समायोजन प्रभारी शिक्षक पुष्पेन्द्र राजनाथ व प्रिया कोसरे के निर्देशन एवं सभी कक्षा प्रभारी की मेहनत व प्रयास से हुआ जिसका सभी ने तारीफ किया । कार्यक्रम में मंच संचालन श्री मूलचंद साव एवं श्रीमती चन्द्रहासिनी राठौर ने बहुत ही सुंदर तरिके से किया। वार्षिकोत्सव समारोह को सफल बनाने मे ज्योतिरादित्य सिंह, राहुल कौशिक, चन्द्रहासिनी राठौर , मनहरण सूर्या, सुभाष खूंटे , दीपक कश्यप , प्रशांत टंडन, मधु यादव , उमा श्रीवास , शांतिका राठौर, पुष्पेन्द्र राजनाथ ,प्रिया कोसरे , दामिनी कश्यप , विनोद बरेठ , किरण यादव , सुमन यादव , मीना यादव , विजेता चौहान , सपना श्रीवास , प्रतिभा यादव , पूजा कटकवार , सकुंतला बरेठ , भगवती जगत , राकेश पठारे, हेमन्त ढीमर , लखेश्वर खरे , कृष्णा सूर्या , मनोज यादव , हितेश कहरा , एम साव , समस्त शिक्षक-शिक्षिकाए , पालको , छात्र-छात्राओ, गणमान्य नागरिको का विशेष योगदान रहा ।

## हरदी चौक की दुकान से पार कर दी नगदी रकम



**बलौदा।** नगर के सबसे व्यस्त इलाके हरदी बाजार चौक में स्थित किराना दुकान का ताला तोड़कर दुकान के गल्ले में रखा लगभग 20 हजार रुपए को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। दुकान संचालक की सूचना पर पुलिस द्वारा चोरी की पतासाजी की जा रही है। व्यस्त चौक हरदी बाजार चौक में स्थित विकास प्रॉवीजन स्टोर्स में चोरों ने धावा बोलकर गल्ले से 100, 200 अन्य नोटों को मिलाकर 20 हजार रुपए पार कर दिए। दुकान संचालक किशन अग्रवाल ने बताया कि वह रविवार की रात 9 बजे अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। सोमवार को जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो दुकान का शटर बंद था, लेकिन शटर में लगा ताला गायब था। अंदर जाकर देखा तो गल्ले में से 20 हजार रुपए नकद गायब था। तब उन्होंने पुलिस को सूचना दी।सूचना पर थाना प्रभारी अशोक वैष्णव ने मौका मुआयना कर आसपास लगे सीसी कैमरे की जांच की। फिलहाल कुछ पता नहीं चला है। पुलिस ने पीड़ित से लिखित आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि नगर में लगातार चोरियों का सिलसिला जारी है, लेकिन एक भी मामले का खुलासा करने में पुलिस विफल रही है। जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। 15 दिनों पूर्व ही बिलासपुर रोड स्थित डॉक्टर वाईके अग्रवाल के घर लाखों रुपए के जेवर व नकदी की चोरी हुई थी। इसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है।

# आम रास्ते पर नालियों का गंदा पानी बहने से परेशान लोग कर सकते हैं चुनाव का बहिष्कार

**अकलतरा।** नगर के वार्ड नंबर 11 ताम्रकार गली में नाली की सफाई नहीं हो रही है। एक महीने से नाली का गंदा पानी गलियों में बहने वार्ड में रहने वाले लोग परेशान है। समस्या का समाधान नहीं होने से नाराज लोगों ने चुनाव के बहिष्कार का निर्णय लिया है।

नाली का गंदा पानी गली में बहने से मोहल्ले के लोग नाली के गंदे पानी के बीच आवागमन करने को मजबूर हैं। शाम होते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। इससे वार्डवासी मलेरिया और डेंगू बीमारी का शिकार हो रहे हैं। साथ ही साथ बदबू होने से वार्ड के लोगों का जीवन यापन करना दुर्भर हो गया है। वार्ड के लोगों ने नाली की सफाई के लिए नगर पालिका कार्यालय को कई बार जानकारी दी पर राहत नहीं मिली। ऐसे में सफाई नहीं होने और नाली का गंदा पानी बीच सड़क में बहने से मोहल्ले के लोगों ने नगर पालिका चुनाव का बहिष्कार करने और वार्ड में जगह-जगह बैनर व पोस्टर लगाने का भी निर्णय लिया है।



जनप्रतिनिधियों ने भी समस्या को दूर करने नहीं की पहल वार्डवासी कैलाश ताम्रकार ने बताया कि मोहल्ले की नालियों की सफाई नहीं होने से नाली का गंदा पानी गली में बहने से वार्ड के लोगों को आवागमन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विगत एक माह से नाली का गंदा पानी लोगों के घरों में घुसने के बाद भी सफाई नहीं कराई जा रही है।

नगर पालिका द्वारा सफाई का कार्य नहीं करवाने व जनप्रतिनिधियों द्वारा मामले में पहल नहीं करने से मोहल्ले के लोगों द्वारा नगरीय निकाय चुनाव के बहिष्कार का निर्णय लेने के साथ मोहल्ले में बैनर व पोस्टर के माध्यम से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

सीएमओ को सफाई कराने के दिए हैं निर्देश- एसडीएम ट्नगर के वार्ड नंबर 11 में नाली की साफ-सफाई नही होने और नाली का गंदा पानी जमाव होने की शिकायत मिली है। नगर पालिका सीएमओ को साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। - विक्रांत अंचल, एसडीएम, अकलतरा

## डिब्बे मांगने से मना करने पर वाहन चालक की पिटाई

**जांजगीर।** बिलासपुर से पेंट लेकर जशपुर की जा रही माजदा बलौदा ग्रीन वेली स्कूल के पास पलट गई। गाड़ी पलटने के बाद ड्राइवर सामान को दूसरी गाड़ी में लोड कर रहा था। इसी बीच एक बाइक पर आसपास के युवक पहुंचे और उन्होंने ड्राइवर से पेंट मांगा। ड्राइवर के उन्हें पेंट देने से मना कर दिया। इस बात से नाराज होकर युवकों ने ड्राइवर सहित उसके हेल्पर के साथ मारपीट की और वहां से भागने निकले। शिकायत पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार सीपत थाना अंतर्गत कौडिया निवासी राज कुमार पटेल माजदा का ड्राइवर है। 2 फरवरी की रात वह अपनी माजदा क्रमांक सीजी 10 बीपी 206 में बिलासपुर से पेंट लोडकर जशपुर की जा रहा था।

बलौदा की ग्रीन वेली स्कूल के पास सुबह लगभग 4 बजे उसकी माजदा अनियंत्रित होकर पलट गई। माजदा के पलटते ही उसमें लोड पेंट के कार्टून और बाल्टी रोड पर बिखर गए। जैसे-तैसे राजकुमार ने हेल्पर और अन्य लोगों की मदद से सड़क पर ि?बखरे सामान को समेटा और दूसरी गाड़ी के इंतजार करने लगे। उसी दौरान कुछ युवक उनके पास पहुंचे और राजकुमार से पेंट की बाल्टी मांगने लगे, लेकिन राजकुमार ने उन्हें पेंट देने से इनकार कर दिया। इस पर युवकों ने जिद पकड़ ली। इसके बावजूद राजकुमार ने मना किया तो वे लौट गए। शाम 6 बजे



नगर पालिका चुनाव में बीजेपी का दावा

## रोड शो कर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी के लिए मांगा समर्थन

**जांजगीर-चांपा** जांजगीर चांपा जिले में नगर पालिका चुनाव को लेकर सियासी माहौल गरम है। बुधवार को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने चांपा नगर पालिका में भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों और अध्यक्ष पद प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रोड शो के दौरान उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि इस बार चांपा में भाजपा की सरकार बनना तय है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत पर निशाना साधते हुए कहा कि इस बार उनका जादू नहीं चलेगा और जनता भाजपा को भारी मतों से जिताएगी।

**चांपा नगर पालिका में कांग्रेस का 10 वर्षों से शासन**

उल्लेखनीय है कि पिछले 10 वर्षों से चांपा नगर पालिका में कांग्रेस का शासन रहा है। शर्मा ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार है, अब नगरीय निकाय में भी तीसरी इंजन की सरकार बनाने का समय है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का संदेश भी जनता तक पहुंचाया कि भाजपा की सरकार बनने पर चांपा में विकास की नई धारा बहेगी।

भाजपा ने सभी 27 वार्डों में अपने प्रत्याशी उतारे हैं और अध्यक्ष पद के लिए प्रदीप नामदेव को मैदान में उतारा है। हालांकि, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत का चांपा में मजबूत प्रभाव माना जाता है, लेकिन शर्मा ने दावा किया कि इस बार कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लाएगी और भाजपा की जीत सुनिश्चित है।

# सरकारी नौकरी पूरी होने पर नायक को विदाई



**जांजगीर।** अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह(एबीवीटीपीएस) मड़वा से जनवरी में सिविल विभाग के अधीक्षण अभियंता रामकृष्ण नायक सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी को पॉवर कंपनी परिवार की ओर से भावपूर्ण विदाई दी गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया ने उनके कार्यों की सराहना की। मुख्य अभियंता के हाथों सेवानिवृत्त अधिकारी को स्मृति चिह्न व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। समारोह में विशिष्टि अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसडी द्विवेदी, आरके साव, एन. लकरा और एके शाह की उपस्थिति रही। रामकृष्ण नायक ने विद्युत मंडल व पॉवर कंपनी में 41 वर्ष 9 माह व 27 दिन की सेवाएं दी हैं। उनकी प्रथम नियुक्ति जबलपुर में 6 अप्रैल 1983 को टेक्निकल अप्रेंटिस के तौर पर हुई थी। वह पहली बार मड़वा संयंत्र में जुलाई 2016 में पदस्थ किए गए थे। नायक ने वर्ष 1993 से जून 2016 के दौरान मिनी हाइडल प्लांट कोरबा पश्चिम के फाउंडेशन वर्क व संचालन के कार्य में सक्रिय भूमिका निभाई है। साथ ही राखड़ बांध के मरम्मत व रखरखाव व निस्तारण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त अधिकारी द्वारा अपने कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कल्याण अधिकारी आरएस. टेकाम द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारी का संक्षिप्त जीवन परिचय का उल्लेख किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता क्रिस्टोफर एक्का, जेके गायकवाड़, समीर मांडले, टीके नेताम, एन. साहा, वायके पाटिये समेत सिविल विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रामनारायण राठौर व विजय कुमार मिश्रा का विशेष सहयोग रहा।

## अलग-अलग रंग के मतपत्र दिए जाएंगे पंचायत चुनाव के लिए मतदाताओं को

**जांजगीर-चांपा।** नगरीय निकाय चुनाव में अध्यक्ष के लिए सफेद रंग और पार्षद के लिए गुलाबी रंग में प्रत्याशियों का नाम और चुनाव चिह्न होगा। मास्टर ट्रेनर ने ईवीएम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नगरीय निकायों में चुनाव के लिए ईवीएम के ऊपर के हिस्से में सफेद लेबल पर नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रत्याशियों का नाम अंकित होगा। इसी तरह पार्षद पद के लिए इसके निचले हिस्से पर गुलाबी लेबल पर पार्षद पद के प्रत्याशियों का नाम अंकित होगा। कार्यशाला में बताया कि मतदाता को ईवीएम पर अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए अलग-अलग बटन दबाकर मतदान करना होगा।

# झांसेबाज डायरेक्टर को शिकायत के बाद पुलिस ने पकड़ा

## धनराशि को कई गुना बढ़ाने की बात कहकर अनेक लोगों को चपत लगाई

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा पुलिस ने चिटफंड कंपनी सर्वमंगला प्रॉपर्टीज इंडिया लिमिटेड के लंबे समय से फरार डायरेक्टर उमेश कुमार कश्यप को कोरबा से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने एजेंटों के साथ मिलकर निवेशकों को दो से तीन गुना रिटर्न का लालच देकर करीब 14 लाख रुपए की ठगी की थी। मामले में शिकायतकर्ता महेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि 2011 में उन्होंने और उनके परिवार के सदस्यों ने कंपनी में 8 लाख 99 हजार 750 रुपए जमा किए थे। इसी तरह गांव के अन्य लोगों ने भी 5 लाख 9 हजार 60 रुपए निवेश किए थे। जब निवेशकों ने अपनी राशि की मांग की, तो एजेंटों ने कंपनी के बंद होने का हवाला देते हुए जमीन बेचने के बाद पैसे लौटाने की बात कही, लेकिन आज तक किसी को पैसे वापस नहीं मिले। पुलिस ने इस मामले में पहले ही 13 आरोपी एजेंटों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब मुख्य आरोपी डायरेक्टर उमेश कुमार कश्यप को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## बिना सत्संग के विवेक नहीं मिलता: संत गोपाल

**शिवरीनारायण।** शिवरीनारायण शिवरीनारायण के थाना रोड स्थित केशरवानी कल्याण भवन में स्वर्णकार परिवार की ओर से श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन कराया जा रहा है। इसमें मारुति धाम देवरघटा के संत गोपाल दास ने कहा कि जब भगवान की कृपा होती है तब भगवान सत्संग में बुलाते हैं। बिना सत्संग के विवेक नहीं होता, ज्ञान नहीं होता व भगवान की प्राप्ति नहीं होती।

स्वर्णकार परिवार द्वारा पुष्प माला पहनाकर आरती उतारकर शॉल श्रीफल भेंट कर संत गोपाल दास महाराज का स्वागत किया गया। महाराज ने व्यास पीठ पर विराजित आचार्य पंडित नितेश कृष्ण शास्त्री का शॉल श्रीफल से सम्मान किया। आचार्य शास्त्री ने भी उनका अभिवादन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। लोगों को अपना आशीर्वचन देते हुए संत गोपाल दास महाराज ने कहा कलयुग में भगवान के नाम की बड़ी महिमा है। इसलिए भगवान का नाम स्मरण करते रहना चाहिए। मतंग ऋषि परमधाम चले गए उन्होंने शबरी से कहा, बेटा राम राम राम राम करते रहना एक दिन जरूर तुम्हारे आश्रम में राम आएंगे।

## अनमोल वचन......

सन्तुष्टता व खुशी साथ-साथ रहते हैं। इन गुणों से दूसरे आपकी ओर स्वतः आकर्षित होंगे।

# अरबपतियों की संख्या में इजाफा

दुनिया भर में अरबपतियों की संपत्ति 2024 में दो हजार अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़ कर पंद्रह अरब अमेरिकी डॉलर हो गई। 2023 की तुलना में यह तीन गुना है। विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक से पहले ऑक्सफेम इंटरनैशनल ने टेकर्स, नॉट-मेकर्स' शीषर्क से रिपोर्ट पेश की जिसके अनुसार 2024 में एशिया में अरबपतियों की संपत्ति में 299 अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई। रिपोर्ट के अनुसार अरबपतियों की अत्यधिक संपत्ति काफी हद तक अनुपयुक्त है क्योंकि इसका 60त्न अब विरासत, एकाधिकार शक्ति या सांठ-गांठ वाले संबंधों से प्राप्त होती है। ऑक्सफेम ने कहा कि दुनिया के सबसे समृद्ध लोगों की संपत्ति औसतन प्रति दिन लगभग दस करोड़ अमेरिकी डॉलर के हिसाब से बढ़ी। भारत में भी अरबपतियों की संख्या में इजाफा होते हुए उनकी कुल संख्या 185 हो चुकी है जिससे इस क्षेत्र में भारत तीसरे स्थान पर आ चुका है।

अमेरिकी अरबपतियों की संख्या दिसम्बर में 835 थी जबकि चीन में 423 थी। हालांकि भारत में 185 में से 108 पब्लिकली लिस्टेड पारिवारिक बिजनेस हैं। सरकारी आंकड़ों में गरीबी भले ही कम हो रही हो मगर विरोधाभास यही है कि गरीबी, बेरोजगारी और भरपेट खाने के अभाव में जीने वाले भी कम नहीं हैं। संयुक्त राट्र की रपट के अनुसार दुनिया में एक अरब से ज्यादा लोग घोर गरीबी में जीने को मजबूर हैं। मुनाफाखोरी के चलते बड़ा वर्ग संपत्ति बटोरने में इस कदर जुटा है कि उन्हें घोर गरीबी और भुखमरी में जीने वालों के प्रति तनिक रुचि नहीं रही। हालांकि अरबपतियों में ऐसा वर्ग भी है जो अपनी संपत्ति का निश्चित हिस्सा दान करने का काम करता रहा है। फिर भी धन विभाजन के इस प्रचलित रवैये से समाज में पैदा हुए गहरे असंतुलन को संभालना नामुमकिन होता जा रहा है। दुनिया में 58 करोड़ नाबालिग घोर गरीबी में बताए जाते हैं जिनके प्रति इन अरबपतियों को संवेदनशील रुख अपनाना चाहिए न कि धन एकत्र कर अति समृद्धों की सूची का विस्तार कर पूंजी के गुणगान में जुट जाएं। हकीकत से मुंह नहीं चुराया जा सकता कि अरबपति उचित समय पर सटीक निर्णयों द्वारा धन बढ़ाने के प्रयास करते रहते हैं। विरासतन मिलने वाला धन कई गुणा होकर स्वतः ही वृद्धि करता रहता है। यह दौर यूं भी पैसों की चकाचौंध और धन के गुणगान का बन चुका है। ऐसे में अरबपतियों को समानता या धन विभाजन का पाठ पढ़ाया जाना मुमकिन नहीं लगता।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है।आज आप किसी बात को लेकर उलझन में रहेंगे, जिसे आप अपने किसी ख़ास मित्र से शेयर भी करेंगे। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है । दोस्तों की बर्थडे पार्टी मे जायेंगे..जहाँ बाकी दोस्तों के साथ इंज्वाय करने का मौका मिलेगा।

**वृष राशिः** आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिये आपको ओवर टाईम करना पड़ेगा। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही नहीं करेंगे तो नुकसान से बच जायेंगे। टूर-एंड-ट्रेवल्स और मीडिया संबंधी बिजनेस में नया मोड़ आ सकता है। आज अपको किसी करीबी से ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा। आप आर्थिक मामलों में किसी एक्सपर्ट से सलाह लेंगे, जो आपके लिए मददगार साबित होगी।

**मिथुन राशिः** आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं । उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे । आज का दिन महिलाओं के लिए बहुत ही अनुकूल है। पारिवारिक और व्यक्तिगत गतिविधियों में उचित सामंजस बनाकर रखने में कामयाब होंगे।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरुरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा । ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे । लवमेट के रिश्ते में सुधार आयेगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन बेहतर रहेगा।आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आप लम्बे समय तक स्वस्थ रहें इसके लिए आपको अच्छी डाइट लेनी चाहिए।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। बेटी के ससुराल पक्ष से बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

**तुला राशिः** आज आपका दिन अच्छे मूड से शुरू होने वाला है। दोस्त के साथ कुछ दिनो से चल रही अनबन आज आपके पहल करने से ख़त्म होगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा।महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेस मैन आज जरुरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा।एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा।लवमेट के लिये आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में भी जा सकते हैं।किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए।आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी। आप कम से कम समय में काम निपटाने की कोशिश करेंगे।

**धनु राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है।आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं । डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को आज ज्यादा पढ़ाई करने की जरूरत है। व्यापार कर रहे लोगों का कारोबार अच्छा चलेगा।

**मकर राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद के लिए कहेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा।आज आप शॉपिंग करने का मन बनायेंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा।

**कुंभ राशिः** आज का दिन शानदार रहने वाला है । आज आप अपने व्यापार को आगे बढाने के लिए कुछ ऐसी भी योजनाएं बनाएंगे जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। आज अधिकतम समय आप धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे।

**मीन राशिः** आज परिवार का पूरा साथ मिलेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते है वह आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगें। लवमेट आज साथ में समय बितायेंगे। सामाजिक कामों में अपना योगदान देने से आपकी पहचान बढ़ेगी। आपकी लोकप्रियता के साथ-साथ जनसंपर्क का दायरा बढ़ेगा ।

# संविधान पर कोई खतरा नहीं

//एस. सुनील//

**विडम्बना देखिए कि संविधान पर हमला करने, उसकी मूल भावना को कुचलने और अनगिनत मनमाने संशोधन करने वाली पार्टी कांग्रेस के नेता इन दिनों संविधान की सुरक्षा का अभियान चला रहे हैं और जिन लोगों ने संविधान की रक्षा के लिए अपना जीवन और सब कुछ दांव पर लगाया उनसे संविधान को खतरा बता रहे हैं! वास्तविकता यह है कि संविधान पर कोई खतरा नहीं है। खतरा कांग्रेस पार्टी के अस्तित्व पर है। 'हम भारत के लोग' द्वारा संविधान अंगीकार करने के 75 वर्ष पूर्ण हुए हैं। समस्त देशवासियों के लिए यह गर्व और प्रेरणा का दिन है।**

एक गणतंत्र के रूप में भारत के 75 वर्ष पूरे करना कई मायनों में बहुत विशेष और महत्वपूर्ण है। संविधान के 75 वर्ष की यात्रा में शायद ही कोई समय रहा होगा, जब इसे लेकर इतनी चर्चा हुई होगी, जितनी अभी हो रही है।ठीक 50 साल पहले 1975 में जब संविधान पर सबसे बड़ा हमला हुआ था यानी इमरजेंसी लगाई गई थी और देश के समस्त नागरिकों के मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए थे तब भी इसकी इतनी चर्चा नहीं हुई थी।हालांकि तब देश के नागरिकों ने मन ही मन यह संकल्प बनाया था कि देश के पवित्र संविधान पर हाथ डालने वालों को छोड़ना नहीं है। संविधान पर हुए उस हमले के बाद देश की जनता ने कांग्रेस पार्टी और तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी को सजा दी और यह स्पष्ट कर दिया कि संविधान पर हमला उसे स्वीकार्य नहीं होगा।

परंतु विडम्बना देखिए कि संविधान पर हमला करने, उसकी मूल भावना को कुचलने और अनगिनत मनमाने संशोधन करने वाली पार्टी कांग्रेस के नेता इन दिनों संविधान की सुरक्षा का अभियान चला रहे हैं और जिन लोगों ने संविधान की रक्षा के लिए अपना जीवन और सब कुछ दांव पर लगाया उनसे संविधान को खतरा बता रहे हैं!

वास्तविकता यह है कि संविधान पर कोई खतरा नहीं है। खतरा कांग्रेस पार्टी के अस्तित्व पर है। खतरा कांग्रेस के शाही खानदान की राजनीति पर है। खतरा तुष्टिकरकण की राजनीति करने वाली जातिवादी पार्टियों के ऊपर है। अपने अस्तित्व, अपनी राजनीति और पार्टी के ऊपर आए खतरे को इन पार्टियों ने संविधान पर खतरा बताना शुरू किया है।विपक्षी पार्टियों की इस राजनीति की वजह से संविधान की चर्चा शुरू हुई है और संविधान निर्माण में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की भूमिका पर चर्चा भी घर घर पहुंची है।

इस क्रम में लोगों को इस बात की भी जानकारी मिली है कि कांग्रेस ने बाबा साहेब अंबेडकर के साथ किस तरह का बरताव किया। भारत के संविधान को खतरे में बताने वाली पार्टी और नेता असल में इसकी शक्ति को न जानते हैं और न समझते हैं।भारत का संविधान कोई मामूली किताब या कागजों का दस्तावेज भर नहीं है। इसमें देश के 140 करोड़ लोगों की आत्मा बसती है। इसलिए यह कहना अपने आप में बचकाना है कि संविधान खतरे में है।संविधान एक जीवित दस्तावेज है और उसमें समय की जरुरतों के हिसाब से संशोधन होते हैं। इसका प्रावधान संविधान निर्माताओं ने ही किया है।उन्हीं प्रावधानों के आधार पर संविधान में अब तक सवा सौ से ज्यादा संशोधन हो चुके हैं। संसद के शीतकालीन सत्र में केंद्र की श्री नरेंद्र मोदी सरकार ने 129वें संविधान संशोधन का विधेयक पेश किया।

इसके जरिए पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का कानून बनाया जाना है। इस विधेयक को एक संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजा गया है, जो इस पर विचार कर रही है।यह संशोधन भी संविधान की मूल भावना को स्थापित करने के लिए लाया गया है। ध्यान रहे आजादी के बाद पहले चार लोकसभा चुनावों के साथ ही लगभग पूरे देश के विधानसभा चुनाव हुए थे।

उसके बाद कांग्रेस की केंद्र सरकार द्वारा मनमाने तरीके से राज्यों की सरकार बरखास्त करने के कारण यह चक्र टूटा। अब इस चक्र को फिर से बहाल करने का प्रयास हो रहा है।संविधान अंगीकार किए जाने के 75 साल पूरे होने के अवसर पर यह विचार करने की भी आवश्यकता है कि तीन चौथाई सदी का संविधान का सफर कैसा रहा। सबसे पहले तो यह बुनियादी बात समझने की जरुरत है कि कोई भी संविधान उतना ही अच्छा या उतना ही सफल होता है, जितने अच्छे उसे लागू करने वाले होते हैं।अगर संविधान जैसा पवित्र दस्तावेज भी गलत लोगों के हाथ में हो उसका दुरुपयोग हो सकता है। श्रीमति इंदिरा गांधी ने संविधान के अनुच्छेद 352 में किए गए प्रावधानों का इस्तेमाल करके ही देश में इमरजेंसी लगाई थी। पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर बाद की सभी कांग्रेस सरकारों ने अनुच्छेद 356 के प्रावधानों का दुरुपयोग करके ही देश के अनेक राज्यों की चुनी गई सरकारों को मनमाने तरीके से बरखास्त किया। इमरजेंसी के समय तमाम किस्म की मनमानियां संविधान के नाम पर ही की गईं। नागरिकों के मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए। विपक्ष के नेताओं को जेल में डाल दिया गया। उच्च न्यायपालिका में मनमाने तरीके से वरिष्ठता का उल्लंघन करके जूनियर और प्रतिबद्ध जज को चीफ जस्टिस बनाया गया। संविधान में मनमाने तरीके से संशोधन किए गए। हैरानी की बात है कि इतना सब कुछ करने वाली पार्टी अपने को संविधान का रक्षक बता रही है!

दूसरी ओर पिछले 10 साल के श्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल को देखें तो आजाद भारत के इतिहास में कोई भी कालखंड ऐसा नहीं रहा है, जब संविधान की संपूर्ण अनुपालना सुनिश्चित की गई हो। इस अवधि में एक भी राज्य सरकार अनुच्छेद 356 का इस्तेमाल करके नहीं बरखास्त की गई है। एक जम्मू कश्मीर को छोड़ कर कहीं भी राष्ट्रपति शासन नहीं लगाया गया। संविधान में न्यूनतम संशोधन किए गए और जो भी संशोधन हुआ वह देश और समाज के वृहत्तर हित के लिए हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हर कीमत पर संविधान और आरक्षण की रक्षा का संकल्प जताया हुआ है। उनकी सरकार ने संविधान रचयिता बाबा साहेब अंबेडकर के सम्मान में पंचतीर्थों का विकास किया और उनके आदर्शों को हर व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किया।इसलिए संविधान पर खतरे की धारणा बनाने का प्रयास कर रही पार्टियां और उनके नेता सफल नहीं हो पा रहे हैं। देश की जनता बार बार उन्हें नकार रही है।बहरहाल, संविधान की 75 वर्ष की यात्रा के बाद इस अहम पड़ाव पर एक विसंगति की चर्चा अनिवार्य है। वह विसंगति 1975 में लगाई गई इमरजेंसी के दौरान श्रीमति इंदिरा गांधी की सरकार की देन है।उनकी सरकार ने संविधान के 42वें संशोधन के जरिए दर्जनों प्रावधानों को बदला। यहां तक कि संविधान की प्रस्तावना को भी बदला गया।

श्रीमति इंदिरा गांधी की सरकार ने संविधान की प्रस्तावना में 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवाद' शब्द जोड़े। ऐसा नहीं है कि भारत राष्ट राज्य के लिए या भारत की शासन व्यवस्था के लिए ये दोनों नए शब्द थे या नए विचार थे।भारत हमेशा से सभी धर्मों का सम्मान करने वाला राष्ट रहा है और समाजवाद भी इसकी नींव में है क्योंकि अनादि काल से हम भारत के लोग 'सर्वे भवंतु सुखिन' की संकल्पना के साथ जीते हैं।संभवतः इसलिए संविधान बनाने वाले हमारे पूर्वजों ने अलग से इन शब्दों का उल्लेख करने की जरुरत नहीं समझी थी।संविधान के हर प्रावधान को बड़ी सावधानी से इस तरह से बनाया गया था कि धर्म, जाति, नस्ल, लिंग या किसी भी अन्य आधार पर किसी भी नागरिक के साथ भेदभाव नहीं हो।परंतु श्रीमति इंदिरा गांधी ने तुष्टिकरण की राजनीति के तहत 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द संविधान की प्रस्तावना में शामिल किया और 'गरीबी हटाओ' के नारे को न्यायसंगत बनाने के लिए 'समाजवाद' शब्द जोड़ा।ये दोनों शब्द प्रस्तावना में जोड़े जाने से पहले भी भारत धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी राष्ट के रूप में ही काम कर रहा था।पंडित नेहरू, श्री लाल बहादुर शास्त्री और खुद श्रीमति इंदिरा गांधी ने करीब 10 साल इन दो शब्दों के बगैर ही शासन चलाया।बाद में विशुद्ध राजनीतिक मकसद से इन दो शब्दों को प्रस्तावना में शामिल किया गया। वर्तमान समय में इनकी कोई आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है।इसलिए समय आ गया है कि इन दोनों शब्दों को हटा कर संविधान की प्रस्तावना को उसके मूल रूप में स्थापित किया जाए। संविधान की यात्रा के कुछ अहम पड़ावों की अगर बात करें तो केशवानंद भारती केस में सुप्रीम कोर्ट की ओर से बुनियादी ढांचे के सिद्धांत का प्रतिपादन एक अहम पड़ाव है।जस्टिस हंसराज खन्ना ने केशवानंद भारती मामले में यह सिद्धांत प्रतिपादित किया कि भारत के संविधान में कुछ बुनियादी विशेषताएं हैं, जिनको संसद भी संशोधनों के जरिए समाप्त नहीं कर सकती है।संविधान की सर्वोच्चता से लेकर देश की लोकतांत्रिक व गणतांत्रिक संरचना, नागरिकों के मौलिक अधिकार, शासन की संघीय व्यवस्था, न्यायिक समीक्षा, शक्तियों के पृथक्करण, नागरिकों की स्वतंत्रता व समानता आदि को बुनियादी ढांचे के सिद्धांत में समाहित किया गया। श्रीमति इंदिरा गांधी की सरकार ने इमरजेंसी के समय बुनियादी ढांचे को ही बदलने का प्रयास किया था, लेकिन देश के सजग नागरिकों ने उनका प्रयास विफल कर दिया।उसके बाद से किसी भी सरकार ने, चाहे उसके पास कितना भी बड़ा बहुमत क्यों न रहा हो, संविधान के बुनियादी ढांचे से छेड़छाड़ का प्रयास नहीं किया।भारतीय लोकतंत्र की यह शक्ति संविधान के हमेशा सुरक्षित रहने का भरोसा दिलाती है।

# दुनिया के सामने जलवायु का संकट

//बलबीर पुंज//

**जलवायु का संकट है पर इसे अक्सर वैश्विक जलवायुविदों द्वारा अतिरंजित तरीके से प्रस्तुत किया जाता है। वास्तव में, इस समूह की स्थिति भेडिया़ आया, भेडिया़ आया कहानी के उस मुख्य पात्र चरवाहे जैसी हो गई है, जिसका अंत में हश्र क्या हुआ था, उसके बारे में सुधी पाठक अवश्य जानते होंगे। जैसे ही कोपरनिकस रिपोर्ट सामने आई, एकाएक स्वयंभू जलवायुविदों ने ग्लोबल वार्मिंग' को नियंत्रित करने हेतु तुरंत कदम उठाने पर जोर देना शुरू कर दिया। अमेरिका का 47वां राष्ट्रपति बनते ही डोनाल्ड ट्रंप ने जिन दर्जनों कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए, उसमें से एक पेरिस जलवायु समझौते' से अमेरिका को बाहर करना भी रहा।**

वर्ष 2015 में 190 से अधिक देशों के बीच हुई इस स्वैच्छिक संधि से अमेरिका दूसरी बार बाहर हुआ है, जिसमें ग्लोबल वार्मिंग' को 1.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे बनाए रखने का प्रस्ताव पारित किया गया था। राष्ट्रपति ट्रंप ने यह फैसला उस समय लिया, जब 11 जनवरी को यूरोपीय संस्था कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा' (सीथ्रीएस) ने कहा था कि वर्ष 2024 में वैश्विक औसत तापमान सुरक्षित मानक (डेढ़ डिग्री) से अधिक 1.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है।वैज्ञानिकों के अनुसार, वर्ष 1850 में तापमान दर्ज शुरु होने के बाद 2024 सबसे गर्म साल रहा। क्या यह संकट प्राकृतिक है या फिर मानव जनित'। यह ठीक है कि दुनिया के सामने जलवायु का संकट है और विश्व को नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करने की जरुरत है। परंतु इसे अक्सर वैश्विक जलवायुविदों द्वारा अतिरंजित तरीके से प्रस्तुत किया जाता है।वास्तव में, इस समूह की स्थिति भेडिया़ आया, भेडिया़ आया' कहानी के उस मुख्य पात्र चरवाहे जैसी हो गई है, जिसका अंत में हश्र क्या हुआ था, उसके बारे में सुधी पाठक अवश्य जानते होंगे।

जैसे ही कोपरनिकस रिपोर्ट सामने आई, एकाएक स्वयंभू जलवायुविदों ने ग्लोबल वार्मिंग' को नियंत्रित करने हेतु तुरंत कदम उठाने पर जोर देना शुरू कर दिया।ये वही कुनबा है, जिसने नैरेटिव बनाया था कि दुनिया का औसत तापमान डेढ़ डिग्री सेल्सियस से ऊपर होने पर समुद्र का स्तर बढ़ जाएगा, हिमनद-अंटार्कटिका पिघल जाएंगे, नदियों सूख जाएंगी और बेतहाशा गर्मी पड़ेगी।परंतु विश्वभर में कुछ प्राकृतिक आपदाओं को छोड़कर ऐसा नहीं हुआ। दुनिया से हजारों वर्ष पहले डायनासोर और कई प्रकार जीवाश्म विलुप्त हो चुके है। यहां तक वर्तमान हिमालय पर्वत भी भारतीय और यूरेशियाई प्लेटों के टकराव से बना है। भारत में प्राचीन सरस्वती नदी भी सूख चुकी है। ऐसे ढेरों उदाहरण है। क्या इन सबके लिए भी मानव सभ्यता को ही दोषी ठहराया जाएगा। कोपरनिकस संस्था की हालिया घोषणा को स्वघोषित पर्यावरणविदों ने अमेरिका स्थित लॉस एंजिलिस के जंगलों में लगी भीषण आग से भी जोडने् का प्रयास किया था।सच तो यह है कि बढ़ती आबादी के कारण लोगों का तूफान, बाढ़ और भूकंप प्रभावित आपदा क्षेत्रों में बसने के कारण इस तरह की घटनाएं सामने आती है।डेनमार्क सरकार के पर्यावरण मूल्यांकन संस्थान के पूर्व निदेशक और द स्केप्टिकल एनवायरमेंटलिस्ट' के लेखक ब्योर्न लोम्बोर्ग का कहना है कि मीडिया अधिक से अधिक दर्शकों को आकर्षित करने के लिए प्राकृतिक आपदाओं को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करती हैं

लोम्बोर्ग के पास सैटेलाइट डेटा है, जो दिखाता है कि अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में आग की घटनाओं के बावजूद 2000-23 के बीच जंगल की आग से नष्ट हुए वैश्विक क्षेत्र का प्रतिशत लगातार कम हुआ है। वर्ष 2000-03 और 2016-19 के बीच गर्म हवाओं से एक लाख 16 हजार लोगों की अतिरिक्त मौतें हुईं थी, जबकि शीतलहर से होने वाली मौतें बहुत तेजी से गिरावट आई है।

ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि सर्दियों का असर कम हो रहा है। एक आंकड़े के अनुसार, वर्ष 1980 से अबतक जलवायु संबंधित मौतें आधी हो चुकी हैं।विलियम नॉर्डहॉस ने वर्ष 2018 में जलवायु परिवर्तन पर अपने शोध के लिए नोबेल पुरस्कार जीता था। अपनी रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि 3 डिग्री तापमान बढने् से वैश्विक आर्थिकी लगभग दो प्रतिशत का नुकसान होगा और इसी तरह छह डिग्री वृद्धि से दुनिया की अर्थव्यवस्था में 8.5 प्रतिशत घट जाएगी।

नॉर्डहॉस के इसी शोधपत्र को आधार बनाते हुए लोम्बोर्ग इस निष्कर्ष पर पहुंचे है कि वर्ष 2100 तक जलवायु परिवर्तन के बिना दुनिया 4.5 गुना, तो इसके असर के साथ 4.3 गुना प्रगति करेगी।

क्या यह सच नहीं है कि लगातार तापमान बढने् के बावजूद दुनिया पहले से अधिक अच्छी स्थिति में है और लोगों का जीवनस्तर सुधर रहा है। विश्व बैंक का अनुमान है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में वर्ष 2024 में ढाई फीसदी से अधिक का इजाफा हुआ है, जो इस वर्ष 2.7 प्रतिशत रह सकता है।इस दौरान महंगाई दर 3.5 प्रतिशत से घटकर 2.9 प्रतिशत हो सकती है। औसत जीवन प्रत्याशा बढ़ रही है। वैश्विक अनाज भंडार भरे हुए हैं।भारत चावल निर्यात से सभी प्रतिबंध हटा चुका हैं, क्योंकि इसके उत्पादन में भारी वृद्धि हुई है। निसंदेह, वैश्विक महामारी कोविड-19 के बाद आर्थिक वृद्धि धीमी हुई है।परंतु इसका मुख्य कारण जलवायु नहीं, बल्कि अमेरिका-पश्चिम प्रेरित आर्थिक मॉडल और कई देशों का कर्ज के मकडज़ाल में फंसना हैं। सच तो यह है कि प्रकृति के अपने नियम होते है। समय बीतने के साथ इसमें स्वाभाविक बदलाव आता है। इन परिवर्तनों के कारण ही नए का जन्म होता है और पुराना नष्ट हो जाता है।वर्तमान समय में जलवायु संकट पर अतिरंजित कोलाहल का एक बड़ा उद्देश्य दुनिया में भारत जैसे विकासशील देशों की विकास यात्रा को कुंद करना भी है।परंतु इसका अर्थ यह बिल्कुल भी नहीं है कि हम जलवायु संकटों की अवहेलना कर दें। अक्सर, मानवीय जीवनशैली को पर्यावरणीय संकट और जलवायु परिवर्तन के लिए दोषी' ठहराया जाता है। इसका उपाय क्या है। हजारों वर्षों से भारत की सनातन संस्कृति में सभी जीव-जंतु और पेड़-पौधे ही नहीं, बल्कि समस्त ब्रह्मांड का संरक्षण और कल्याण निहित हैं। वसुधैव कुटुंबकम्' और सर्वे भवंतु सुखिन' रूपी बीजमंत्र मानवीय जीवन को संयमित करते है, जो वैज्ञानिक और स्वस्थ जीवन की आदर्श शैली है। यह किसी भौगोलिक, सामाजिक और किसी समुदाय विशेष का जीवनचक्रनहीं है, यह सबके लिए है। भारतीय संस्कृति में परंपरागत रूप से संतुलन और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग पर जोर दिया गया है। इसका प्रमाण भारतीय दार्शनिक ग्रंथ, जैसे वेद, उपनिषद और श्रीभगवद्गीता में मिलता है, जहां त्याग, संतोष और साझा उपभोग को जीवन का हिस्सा माना गया है।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान बसंत पंचमी के अवसर पर श्रद्धालु गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाते हुए ।



प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान बसंत पंचमी के अवसर पर जूना अखाड़े के साधु गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाते हुए।



किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान बसंत पंचमी के अवसर पर गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाई।



नई दिल्ली में अठारहवीं लोकसभा के बजट सत्र के दौरान संसद भवन में डीएमके सांसद थमिझाची थंगापांडियन और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल।



भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक का लखनऊ हवाई अड्डे पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया।



लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, स्टेट ड्यूमा के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोडिन के नेतृत्व में रूसी संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ, नई दिल्ली स्थित संसद भवन में।



नई दिल्ली में अठारहवीं लोकसभा के बजट सत्र के दौरान संसद भवन में शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी।

# हम पूरी तरह से विदेशी मदद बंद करेंगे, एलन मस्क का वो प्लान जिससे पूरे अमेरिका में मची खलबली



**वाशिंगटन, 04 फरवरी [एजेंसी]।**

अमेरिकी सरकार खर्चों को कम करके बचत करने के अभियान के तहत विदेशी मदद को बंद करेगी। यह बात ट्रंप सरकार में शामिल विश्व के सबसे धनी व्यक्ति एलन मस्क ने कही है। विदित हो कि वर्ष 2023 में अमेरिका ने यूएसएड (यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फार इंटरनेशनल डेवलपमेंट) कार्यक्रम के तहत विभिन्न देशों और संस्थाओं को 72 अरब डॉलर की मदद दी थी।मस्क ने कहा है कि ट्रंप सरकार 2026 में एक ट्रिलियन डॉलर (1000 अरब डालर) की बचत करने का लक्ष्य लेकर कार्य कर रही है। इससे अमेरिका का बजट घाटा कम होगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मस्क को सरकार का आकार कम करने और खर्च कम करने के अभियान के नेतृत्व की जिम्मेदारी दी है। इस जिम्मेदारी को वहन करते हुए सोमवार को मस्क ने कहा, अमेरिका की विदेशी सहायता देने वाली एजेंसी यूएसएड को बंद करने पर कार्य चल रहा है।ट्रंप सरकार के सदस्य विवेक रामास्वामी, रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों- जोनी अर्नेस्ट और माइक ली के साथ चर्चा में मस्क ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप यूएसएड एजेंसी बंद करने के उनके सुझाव से सहमत हैं। इससे पहले रविवार को राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि यूएसएड एजेंसी को कट्टरपंथियों का एक समूह संचालित कर रहा है, हम उन्हें एजेंसी से बाहर करेंगे। यूएसएड विश्व की सबसे बड़ी दानदाता एजेंसी है।

इसने 2023 में 72 अरब डॉलर की मदद विभिन्न देशों और संस्थाओं को दी थी। जिन क्षेत्रों को मदद दी गई उनमें अशांत क्षेत्रों में महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाएं देने, स्वच्छ जल मुहैया कराने, एड्स के इलाज, ऊर्जा की बचत और भ्रष्टाचार के खिलाफ जैसे क्षेत्र थे। जबकि 2024 में संयुक्त राष्ट्र से विभिन्न देशों को मिली मदद में अमेरिका का हिस्सा 42 प्रतिशत का था।मस्क ने कहा, सरकारी खर्चों को कम करके, घोटालों पर रोक लगाकर और विदेशी सहायता रोककर सरकार वर्ष 2026 में एक ट्रिलियन डॉलर की बचत करेगी। कहा, अमेरिकी नागरिकों को ठगने के लिए कई देशों ने बड़े नेटवर्क बना रखे हैं, सरकार इन नेटवर्कों को पर्दाफाश करेगी। मस्क की इस योजना से अमेरिकी आर्थिक तंत्र को लेकर आशंकाएं पैदा हो गई हैं।

इस तंत्र में अमेरिकी नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा राशि और कर भुगतान में सहूलियत मिलती है। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद और सीनेट की आर्थिक समिति के सदस्य पीटर वेल्च ने मस्क के बयान पर उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। पूछा है कि मस्क देश के पेमेंट सिस्टम में प्रवेश की कोशिश क्यों कर रहे हैं। यह बिना चुने व्यक्ति की सरकार की दशकों में बनी व्यवस्था में अवैध घुसपैठ है। यह सत्ता का दुरुपयोग है।

पार्टी ने यूएसएड के मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन का ऐलान किया है। मगर ट्रंप ने मस्क की बचत की कोशिशों की प्रशंसा की है। यूएसएड को बंद करने की सरकार की मंशा जानकर कई अधिकारियों-कर्मचारियों ने अपनी नौकरी से इस्तीफा दे दिया है और बहुत से छुट्टी पर चले गए हैं। साथ ही 600 कर्मचारी कंप्यूटर बंद कर वाशिंगटन स्थित मुख्यालय के बाहर आ गए और वहां पर धरना दे दिया। सोमवार को मुख्यालय बंद रहा।

## टैरिफ पर अमेरिका और यूरोपीय संघ आमने-सामने, अब डोनाल्ड ट्रंप को दी खुली धमकी, टेंशन में क्यों दुनिया



**ब्रसेल्स।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा तीन देशों कनाडा, मेक्सिको व चीन पर लगाए गए शुल्क (टैरिफ) की यूरोपीय कमीशन ने आलोचना की है। कमीशन ने कहा कि यह कदम वैश्विक व्यापार को प्रभावित करता है और सभी के लिए नुकसानदायक है। उसने चेतावनी दी कि अगर यूरोपीय यूनियन (ईयू) को निशाना बनाया गया तो वह भी जवाब देगा। यूरोपीय नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर ट्रंप ने टैरिफ का ईयू तक विस्तार किया तो व्यापार युद्ध (ट्रेड वार) छिड़ सकता है जो अटलांटिक के दोनों ओर के उपभोक्ताओं को नुकसान पहुंचाएगा। ईयू प्रवक्ता ने कहा, यूरोपीय यूनियन को अमेरिका के कनाडा, मेक्सिको और चीन पर शुल्क लगाने के फैसले पर खेद है। उन्होंने खुली व्यापार व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों के पालन को आर्थिक विकास के लिए जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि शुल्क लगाने से आर्थिक अस्थिरता बढ़ती है और महंगाई में इजाफा होता है, जिससे सभी पक्षों को नुकसान पहुंचता है। प्रवक्ता ने ईयू उत्पादों पर संभावित अमेरिका शुल्क का जिक्र करते हुए कहा, ईयू किसी भी अनुचित या मनमाने शुल्क लगाने वाले किसी भी व्यापार साझीदार को कड़ा जवाब देगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के बीच व्यापार और निवेश संबंध दुनिया में सबसे बड़े हैं और काफी कुछ दांव पर है। ईयू की विदेश नीति की प्रमुख कजा कलास ने कहा कि अगर अमेरिका और यूरोप के बीच ट्रेड वार शुरू हुआ तो सिर्फ चीन को फायदा होगा। उन्होंने कहा, हम एक-दूसरे से काफी जुड़े हुए हैं। हमें अमेरिका की और अमेरिका को हमारी जरूरत है। 27 सदस्यीय ईयू के राजनयिकों का कहना है कि कुछ भी तय करने से पहले उन्हें ट्रंप का अगला कदम देखना होगा। उनका लक्ष्य आग पर तेल छिड़कने से बचने का है।

## 12 फरवरी से दो दिवसीय अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी महीने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। चुनाव जीतने के बाद यह दोनों नेताओं की पहली मुलाकात होगी। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डोनाल्ड ट्रंप को फोन पर राष्ट्रपति चुनाव जीतने की बधाई दे चुके हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक पीएम मोदी 12 फरवरी से अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। मुलाकात के दौरान दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों पर व्यापक चर्चा करेंगे। जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी 10 और 11 फरवरी को फ्रांस में रहेंगे। यहां वे ग्रैंड पैलेस में आयोजित एआई एक्शन समिट में हिस्सा लेंगे। इसके अगले दिन पीएम मोदी वाशिंगटन के लिए रवाना होंगे।

## महाराष्ट्र में एक साल में 38 हजार करोड़ का हुआ फ्रॉड, धोखाधड़ी के मामलों में सबसे ऊपर मुंबई, इतने मामले आए सामने




**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई धोखाधड़ी के मामले में सबसे ऊपर आ गई है। महाराष्ट्र में केवल एक साल में 38,872.14 करोड़ रुपये की ठगी की गई। बता दें कि महाराष्ट्र में साल 2024 में वित्तीय धोखाधड़ी के 2,19,047 मामले दर्ज किए गए। इनमें सबसे ज्यादा मामले मुंबई से सामने आए थे। दरअसल, राज्य के गृह विभाग द्वारा जारी की गई एक रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार मुंबई में धोखाधड़ी के सबसे अधिक 51,873 मामले दर्ज किए गए। एक साल में अपराधियों ने पीड़ितों से कुल मिलाकर 12,404.12 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है। मुंबई के बाद दूसरे स्थान पर पुणे रहा। जहां पर एक साल में 22,059 मामले दर्ज किए गए। ठगों ने 5,122.66 करोड़ रुपये का चूना लोगों को लगाया।आंकड़ों से पता चलता है कि ठाणे जिले में एक साल में धोखाधड़ी के 35,388 केस सामने आए। केवल ठाणे शहर में 20,892 मामले दर्ज किए गए। ठीक ऐसे ही नवी मुंबई में 13,260 तथा ठाणे ग्रामीण में 1,236 मामले दर्ज किए गए। इन दोनों जिलों में ठगों ने कुल मिलाकर 8,583.61 करोड़ रुपये पीड़ितों से ठग लिए।वहीं, मीरा भायंदर और वसई विहार इलाकों में 11,754 मामले सामने आए हैं, जिसमें करीब 1,431.18 करोड़ रुपये का ठगों ने लोगों को चूना लगाया है। पिंपरी-चिंचवड़ में 16,115 मामले सामने आए। इसके अलावा नागपुर की बात करें तो यहां पर शहरी क्षेत्र में 11,875 और नागपुर ग्रामीण क्षेत्र में 1,620 मामले दर्ज किए गए। इसमें ठगों ने कुल 1,491.07 करोड़ रुपये की ठगी लोगों से की है।

रिपोर्ट में पता चलता है कि नासिक जिले के शहरी क्षेत्र में 6,381 और ग्रामीण इलाके में कुल 2,788 मामले दर्ज किए गए। इन दोनों मामलों को मिलाकर 1,047.32 करोड़ रुपये पर ठगों ने हाथ साफ किया। बता दें कि छत्रपति संभाजीनगर जिले में 543.61 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के 6,090 मामले दर्ज किए गए, जबकि अमरावती जिले में 223.059 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के 2,778 मामले दर्ज किए गए।ठीक ऐसे ही राज्य के सोलापुर जिले में इस प्रकार के कुल 3,457 मामले दर्ज किए गए, जिनमें पीड़ितों से 394.54 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी लोगों से की गई।

## सरकारी दफ्तर में फॉरेस्टर छलका रहे थे जाम, वीडियो वायरल, अब होगी जांच

**जमुई, 04 फरवरी [एजेंसी]।**

झाझा प्रखंड क्षेत्र के नागी डैम स्थित आश्रयणी पक्षी स्थल पर तैनात कर्मचारियों का शराब पीते वीडियो इंटरनेट मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में फॉरेस्टर अनीश कुमार और सिपाही शिव शंकर कुमार अन्य जवानों के साथ कार्यालय में बैठकर शराब का सेवन करते नजर आ रहे हैं।वीडियो में शराब की बोतल के साथ-साथ चखना के रूप में काजू-किशमिश भी दिख रहा है। सोशल मीडिया पर वीडियो होने के बाद यह वीडियो लोगों में चर्चा का विषय बन गया हैंलोगों के बीच चर्चा है कि आखिरकार पुलिसकर्मी ही शराब बंदी की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं। वीडियो वायरल के मामले में डीएफओ तेजस जायसवाल ने कहा है कि वीडियो की जांच को लेकर टीम का गठन किया गया है। जांच में दोषी पाए जाने पर इन पर कार्रवाई की जाएगी।वहीं दूसरी ओर आंदर नगर पंचायत कार्यालय में चेयरमैन के पुत्र व वार्ड पार्षद का शराब पीने का एक वीडियो सोमवार की दोपहर इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है।

प्रसारित वीडियो में कुर्सी पर बैठकर चेयरमैन का बड़ा पुत्र रवि कुमार, वार्ड पार्षद अपने अन्य साथियों के साथ शराब पी रहे हैं। प्रसारित हो रहे वीडियो में एक शराब की बोतल व गिलास दिखाई दे रही है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कार्यालय में शराब पीने का सिलसिला कई माह से चल रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष पप्पन कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। गोरौल थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव में रविवार की रात एक बांसबारी से 14 कार्टन अंग्रेजी शराब बरामद की गई। अपर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार को गश्ती के दौरान सूचना मिली थी कि यहां जगरनाथ पासवान के बांसबारी में कई कार्टन अंग्रेजी शराब लाया गया है और उसे कहीं भेजने की तैयारी की जा रही है। पुलिस टीम ने छापेमारी की तो पुलिस को देखते ही एक व्यक्ति भागने लगा।

## काम के घंटे को हफ्ते में 70 या 90 घंटे तक बढ़ाएगी सरकार, केंद्रीय मंत्री ने संसद में दी जानकारी



**नईदिल्ली, 04 फरवरी [एजेंसी]।**

सरकार ने सोमवार को संसद को बताया कि सप्ताह में अधिकतम कामकाजी घंटों को बढ़ाकर 70 या 90 घंटे करने के किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रही है। हाल ही में कुछ उद्योगपतियों ने काम के अधिकतम घंटों को बढ़ाकर प्रति सप्ताह 70 या 90 घंटे करने का प्रस्ताव रखा था। दरअसल, श्रम रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि अधिकतम कामकाजी घंटों को बढ़ाने का ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है। उन्होंने सदन को बताया कि श्रम समवर्ती सूची का विषय है।

उन्होंने कहा कि श्रम कानूनों का प्रवर्तन राज्य सरकारों और केंद्र सरकार द्वारा अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में किया जाता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय क्षेत्र में प्रवर्तन सीआईआरएम के निरीक्षण अधिकारियों के माध्यम से किया जाता है। राज्यों में अनुपालन उनकी श्रम प्रवर्तन मशीनरी के माध्यम से सुनिश्चित किया जाता है।

मौजूदा श्रम कानूनों के अनुसार, काम के घंटे और ओवरटाइम सहित कामकाजी परिस्थितियों को फैक्ट्री अधिनियम 1948 और संबंधित राज्य सरकारों के दुकान और प्रतिष्ठान अधिनियम के प्रविधानों के माध्यम से विनियमित किया जाता है। कार्पोरेट क्षेत्र सहित अधिकांश प्रतिष्ठान, दुकानें इस अधिनियम द्वारा शासित होते हैं। पिछले शुक्रवार को बजट पूर्व आर्थिक सर्वेक्षण में 70-90 घंटे के कार्य सप्ताह पर चर्चा के बारे में अध्ययनों का हवाला देते हुए कहा गया था कि सप्ताह में 60 घंटे से अधिक काम करने से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

## घुटनों में दर्द था, आग लगी तो भाग नहीं सके... जालोर के सरकारी अस्पताल के कैंपस में डॉक्टर की जिंदा जलकर मौत

**नई दिल्ली।** राजस्थान के जालोर में एक रविवार को एक बड़ी घटना हो गई। यहां सरकारी आयुर्वेद हॉस्पिटल कैंपस में एक डॉक्टर की जिंदा जलकर मौत हो गई। डॉक्टर अस्पताल के पीछे बने कमरे में रहते थे।माना जा रहा है कि हादसा स्मोकिंग के कारण हुआ है। डॉक्टर के घुटने में दर्द की शिकायत थी। आग लगने के बाद वह घुटने के दर्द की वजह से उठ नहीं आए और आग में जिंदा जल गए।मामला जालोर के बिशनगढ़ थाना इलाके का है। डॉक्टर जयपुर के रहने वाले थे। उनकी पहचान मुरारीलाल मीणा के रूप में हुई है। वह पिछले 4 साल से अस्पताल में कार्यरत थे। डॉक्टर का परिवार भी इसी घर में रहता था।जयपुर में किसी की शादी होने के कारण उनकी पत्नी और बेटा वहां गए थे। डॉक्टर मुरारीलाल मीणा इन दिनों अकेले रह रहे थे। रविवार को भी वे अकेले ही घर पर थे।

## हमले के बाद पहली बार इवेंट में दिखे सैफ अली खान, हाथ में बंधी नजर आई बैंडेज



**नईदिल्ली, 04 फरवरी [एजेंसी]।**

बांद्रा स्थित घर पर हुए हमले के बाद बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पहली बार किसी कार्यक्रम में दिखाई दिए। वह मुंबई में नेटफ्लिक्स के इवेंट में पहुंचे थे। एक्टर इस वक्त चोट से उबर रहे हैं। इवेंट के दौरान वह हाथ में ब्लैक क्रेप बैंडेज बांधे हुए नजर आए। सैफ अली खान यहां अपनी आने वाली फिल्म ज्वेल्स थीफः द हाइस्ट बिगिंस के अनाउंसमेंट के लिए पहुंचे थे। फिल्म में उनके साथ जयदीप अहलावत भी दिखाई देंगे। अपनी हालिया कठिनाई के बावजूद सैफ ने प्रोजेक्ट के प्रति अपना उत्साह व्यक्त करते हुए सिग्नेचर चार्म और ह्यूमर बनाए रखा।बता दें कि 16 जनवरी को सैफ अली खान पर उनके बांद्रा स्थित घर पर हमला किया गया था। कथित तौर पर कीमती सामान चुराने का प्रयास करने वाले घुसपैठिये ने पकड़े जाने से पहले एक्टर की रीढ़ की हड्डी के पास चाकू मार दिया। सैफ को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चाकू निकालने के लिए उनकी इमरजेंसी सर्जरी की गई। पांच दिन बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और तब से उनके आवास के आसपास सुरक्षा काफी बढ़ा दी गई है।सैफ की आने वाली फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

इसमें एक पावरफुल क्रिमिनल दुनिया के सबसे महंगे हीरे को चुराने के लिए एक चोर को हायर करता है। इसके बाद प्लान में काफी दिक्कते आती हैं और इस तरह फिल्म काफी दिलचस्प मोड़ पर पहुंच जाती है।

प्रसिद्ध फिल्म निर्माता सिद्धार्थ आनंद इस फिल्म के जरिए ओटीटी प्रोडक्शन में डेब्यू करेंगे। उन्होंने पठान और वॉर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों का भी निर्देशन किया है। शानदार कलाकारों, इंटेंस हाइस्ट नैरेटिलव और हाई-एनर्जी एक्शन के वादे के साथ, ज्वेल थीफ साल की सबसे प्रतीक्षित नेटफ्लिक्स रिलीज में से एक बनने जा रही है।

## कांग्रेस ने अपने सभी विधायकों को बुलाया दिल्ली सामने आई वजह, झारखंड में तेज हुई सियासत!



**रांची, 04 फरवरी [एजेंसी]।**

राज्य सरकार में कांग्रेस कोटे के चार मंत्रियों समेत सभी विधायक नई दिल्ली जाएंगे। सभी को पांच फरवरी को आने को कहा गया है।इसकी विधिवत सूचना भी विधायकों को प्रेषित की गई है। सभी विधायकों की छह फरवरी को वहां लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात प्रस्तावित है।मुलाकात के दौरान कांग्रेस आलाकमान को राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।

नई सरकार गठित होने के बाद सभी विधायकों के साथ यह आलाकमान की पहली मुलाकात भी होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में राहुल गांधी रांची आए थे, लेकिन उसे वक्त सभी विधायकों से मुलाकात नहीं हो पाई थी।कांग्रेस सेवादल ने बजट को बताया गरीबों के लिए झुनझुना उधर, जमशेदपुर में कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष अरबिंद साहू ने मोदी सरकार की बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि ये बजट उद्योगपतियों के लिए मलाई की तरह है।इस बजट से उद्योगपति और भी अमीर बनेंगे और गरीबों और किसानों को सरकार ने झुनझुना पकड़ाने का काम किया है मजदूर वर्ग को 12 लाख तक छूट देकर पूराने स्लैब को बंद करने का रास्ता साफ कर लिया है। नौकरी का रास्ता खोजने के बजाय पढ़े-लिखे लड़कों को ट्रेनिंग के नाम पर धकेला जा रहा है और उद्योगपतियों और पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने का काम किया जा रहा है। किसानों को अपने अनाज का उचित मूल्य पाने के लिए भी आंदोलन करना पड़ रहा है और मोदी सरकार पूंजीपतियों का कर्ज माफ कर रही है।

गरीबों को दिए हुए कर्ज को जबरन वसूलने का काम सरकार करती है। सलीम अंसारी को रांची जिला कांग्रेस कमेटी का सचिव बनाया गया है। रांची कांग्रेस भवन में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रमाण पत्र देकर कार्यभार सौंपा। ज्ञात हो कि सलीम अंसारी पूर्व में बेड़ो, इटकी प्रखंड में अध्यक्ष रह चुके हैं। सलीम अंसारी को मनोनीत किये जाने पर पूर्व मंत्री सह लोहरदगा विधायक लोहरदगा डॉ. रामेश्वर उरांव, कांके विधायक सुरेश बैठा, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, रांची जिला मोमिन कांफ्रेस के अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद सहित दर्जनों कांग्रेसियों ने बधाई दी है।रांची स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में भाकपा जिला सचिव सह राज्य परिषद सदस्य प्रकाश रजक की अगुआई में कई भाकपा सदस्यों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की उपस्थिति में सभी नेताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ली। मौके पर कार्यालय प्रभारी सह ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू, प्रवक्ता राकेश सिन्हा, सह प्रभारी राजेश वर्मा ने सभी को कांग्रेस का अंग वस्त्र एवं माला पहनकर पार्टी में स्वागत किया।

## चुनाव में गड़बड़ी की हर शिकायत पर होगी कार्रवाई 5 फरवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित




**नईदिल्ली, 04 फरवरी [एजेंसी]।**

विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को प्रलोभन देने व प्रभावित करने की शिकायतों पर चुनाव आयोग द्वारा कार्रवाई नहीं करने आरोपों को दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय ने बयान जारी कर निराधार बताया है। सीईओ कार्यालय का कहना है कि चुनाव में गड़बड़ी की हर शिकायत पर संज्ञान लेकर जवाब दिया जा रहा है और गहनता से जांच कर प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जा रही है। निष्क्रियता के निराधार आरोपों के बावजूद चुनाव से जुड़े अधिकारी 24 घंटे अथक परिश्रम कर रहे हैं।निष्क्रियता के आरोप लगाना चुनावी माहौल को खराब करने वाला है और चुनावी प्रक्रिया के इर्द-गिर्द नकारात्मक असर बनाने का प्रयास है। चुनावकर्मी बदनाम करने वाले अभियानों और शिकायतों के विरुद्ध कार्रवाई न करने के झूठे आरोपों से अविचलित हैं और निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव कराने को प्रतिबद्ध हैं। सीईओ कार्यालय का कहना है कि सी-विजिल एप के माध्यम से 7499 शिकायतें मिली। इनमें से 7467 शिकायतों पर कार्रवाई की गई। सिर्फ 32 मामलों पर प्रक्रिया चल रही है। 90 प्रतिशत से अधिक शिकायतों पर 100 मिनट के भीतर कार्रवाई हुई।राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों द्वारा कुल 43,992 अनुरोध पत्र प्राप्त हुए हैं।

इनमें से 34,823 आवेदनों को स्वीकृति दी गई। 8,900 अनुरोध पत्र रद्द हुए। 113 आवेदन दोहराव या अमान्य होने के कारण रद्द हुए। इसके अलावा चुनाव में मतदाताओं को प्रलोभन के प्रयासों को रोकने के लिए 220 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, शराब, ड्रग्स, मुफ्त उपहार, कीमती धातु आदि की जब्ती हुई। इसके अलावा चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के बाद से इंटरनेट मीडिया के माध्यम से मिले 115 से अधिक शिकायतों पर बिना किसी पक्षपात के सक्रियता से जवाब दिया गया। कुछ प्रत्याशियों के खिलाफ सांप्रदायिक बयान देने व डर का माहौल बनाने की शिकायतें मिली है उन पर भी संज्ञान लिया गया है और कार्रवाई के लिए पुलिस प्रशासन से कहा गया है।दिल्ली सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने सोमवार को एक आदेश जारी कर पांच फरवरी बुधवार को मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। सरकारी महकमों, स्थानीय निकाय, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों सहित तमाम कार्यालयों में कर्मचारियों का अवकाश रहेगा।

## ऑफ शोल्डर गाउन पहनकर मालविका मोहनन ने दिखाई एक से बढ़कर एक अदाएं



साउथ एक्ट्रेस मालविका मोहनन आए दिन अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका स्टनिंग और हॉट अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं, जिसमें वो एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

एक्ट्रेस मालविका मोहनन आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी खूबसूरती और फैशन स्टेटमेंट्स से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया हुआ है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं, जिसमें वो बोल्ड पोज देती हुई नजर आ रही हैं।मालविका मोहनन की लेटेस्ट फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने येलो कलर का ऑफ शोल्डर गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही हॉट और बोल्ड नजर आ रही हैं।खुले बालों को वेवी स्टाइल लुक देकर, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।मालविका मोहनन जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है।उनकी इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने एक्ट्रेस की तस्वीरों पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- बेहद हॉट। दूसरे ने लिखा है- टू मच हॉट टू हेंडल। तीसरे यूजर ने लिखा- यू लुक अमेजिंग।

# विटामिन ई आपकी त्वचा को बनाए रखता है कोमल, मुलायम और जवां

हमारे शरीर के सम्पूर्ण विकास और उसकी कार्य प्रणाली के साथ-साथ सभी तंत्रों को व्यवस्थित ढंग से चलाने में विटामिन्स काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.दरअसल विटामिन्स ऐसे ऑर्गेनिक कम्पाउंड्स होते हैं, जो आपके शारीरिक और मानसिक बीमारियों को दूर रखने के लिये बेहद जरूरी होते हैं. इसके साथ ही सौन्दर्य को भी बनाए रखने के लिये भी जरूरी माने जाते हैं. बॉडी डेवलपमेंट, हेल्थ और सौन्दर्य को बरकरार रखने में विटामिन ई बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.

बता दें, विटामिन ई यह पोषक तत्व आपकी त्वचा के लिए एक मल्टीटास्किंग बॉडीगार्ड की तरह है, जो इसे नुकसान से बचाता है, इसे हाइड्रेटेड रखता है और इसे जवां और चमकदार दिखने में मदद करता है.



स्किन के लिए विटामिन ई के फायदे

किहेल्दी और शाइनी स्किन बनाए रखने के लिए विटामिन ई सबसे जरूरी पोषक तत्वों में से एक है. यहां प्वाइंट्स में बताया गया है कि यह इतना महत्वपूर्ण क्यों है...

1.फ्री रेडिकल्स से लड़ता है:विटामिन ई एक नेचुरल एंटीऑक्सीडेंट है, जिसका मतलब है कि यह आपकी त्वचा को फ्री रेडिकल्स (वे खतरनाक अणु जो त्वचा की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं और उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को तेज करते हैं) से बचाता है.विटामिन ई स्ट्रेस और अन्य पर्यावरणीय खतरों से बचाने के लिए ढाल के रूप काम करता है.

2.हानिकारक यूवी किरणों से बचाव :विटामिन ई के सबसे बड़े लाभों में से एक यह है कि यह त्वचा को हानिकारक यूवी किरणों से बचाता है. हालांकि यह सनस्क्रीन का विकल्प नहीं है, लेकिन यह सूर्य से होने वाले नुकसान को बेअसर करने में मदद करता है, जिससे सनबर्न और लंबे समय तक फोटोएजिंग (यानी झुर्रियाँ और काले धब्बे) के खतरों कम होता है.

एंटी-एजिंग पावरहाउस

विटामिन ई त्वचा के पुनर्जनन को बढ़ावा देता है और कोलेजन प्रोडक्शन को बढ़ाता है, जिससे आपको एक कोमल, युवा त्वचा मिलता है.

डीप हाइड्रेशन

गहरी मॉइस्चराइजिंग विशेषताएं इसे एक बेहतरीन हाइड्रेटिंग एजेंट बनाती हैं. यह नमी को लॉक करता है, जिससे आपकी त्वचा नरम, कोमल और चिकनी हो जाती है.

1.जलन को शांत करता है:अगर आपकी त्वचा रूखी या संवेदनशील है, तो विटामिन ई आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है. यह जलन को शांत करता है और आपकी त्वचा की प्राकृतिक बाधा को ठीक करने में मदद करता है.

चमकती त्वचा के लिए विटामिन ई का उपयोग कैसे करें

अब जब आप इसके लाभों से परिचित हो गए हैं, तो यहां बताया गया है कि विटामिन ई को अपने लिए कैसे उपयोगी बनाया जाए...

* सही प्रोडक्ट का चुनाव करें.

विटामिन ई सीरम, क्रीम, तेल और यहां तक कि कुछ क्लीन्जर में भी पाया जाता है. ऐसे प्रोडक्ट्स का चनाव करें जिनमें टोकोफेरॉल या टोकोट्रिएनॉल कंटेंट हो.

* इसे सही तरीके से लेयर करें

अगर आप विटामिन ई सीरम का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो इसे क्लींजिंग और टोनिंग के बाद लेकिन मॉइस्चराइजर से पहले लगाएं. इससे यह आपकी त्वचा में गहराई तक समा जाता है.

* इसे अन्य स्किनकेयर हीरोज के साथ मिलाएं

* विटामिन ई विटामिन सी के साथ बहुत अच्छी तरह से मेल खाता है. साथ में, वे एक-दूसरे की प्रभावशीलता को बढ़ाते हैं, जिससे आपको चमकदार और निखरी की त्वचा मिलती है.

* रात के समय में लगाना फायदेमंद

रात को सोने से पहले त्वचा पर विटामिन ई तेल की हल्की मसाज करने से काफी फायदा मिलता है. इसे सीधे-सीधे तौर पर त्वचा पर लगाया जा सकता है, लेकिन एलोवेरा जेल के साथ इसे मिलाकर चेहरे की हल्के हाथों से मसाज करने और फिर इसे धोने से त्वचा पर इसके प्रभाव ज्यादा बेहतर तरीके से नजर आता है.

* सनस्क्रीन लगाना न भूलें

विटामिन ई यूवी क्षति से बचाता है, लेकिन यह सनस्क्रीन का विकल्प नहीं है. अपनी त्वचा को सुरक्षित रखने के लिए हमेशा एसपीएफ की परत लगाएं.

डॉ. सरकार का कहना है कि अपनी त्वचा की देखभाल में विटामिन ई को शामिल करना स्वस्थ और अधिक चमकदार त्वचा की ओर एक कदम है. विटामिन ई आपकी त्वचा की रक्षा करता है, उसे नमी देता है और पोषण देता है.

# क्या आप पेट की जिद्दी चर्बी से परेशान हैं? जानिए किन-किन कारणों से बढ़ता है मोटापा

आज के समय में पेट की चर्बी बढ़ने की समस्या आम हो गई है. इसके लिए अनुचित खान-पान और जीवनशैली को जिम्मेदार माना जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके पीछे कई अन्य कारण भी हो सकते हैं, जिनके बारे में आपको जानकारी होनी चाहिए? इन कारणों को जानकर आप अपने बढ़ते पेट की चर्बी को नियंत्रित कर सकेंगे. आपको बता दें कि कब्ज की समस्या पेट की चर्बी बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होती है. न्यूट्रिशनिस्ट अरबी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने पेट की चर्बी बढ़ने के लिए जिम्मेदार 10 हैरान कर देने वाले कारणों का खुलासा किया है, जिन्हें लोग कब्ज की सामान्य समस्या समझकर नजरअंदाज कर देते हैं.

पेट की चर्बी बढ़ने के कारण

कब्ज एक आम समस्या है जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करती है, लेकिन पेट की चर्बी पर इसके प्रभाव को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है. कब्ज के दौरान शरीर में काफी तकलीफ



महसूस होती है, लेकिन लोग यह नहीं जानते कि कब्ज के दौरान शरीर में दिखने वाले लक्षण असल में पेट की चर्बी बढ़ने का कारण बनते हैं.

सूजन: पुरानी कब्ज शरीर में सूजन पैदा कर सकती है, मेटाबॉलिज्म को धीमा कर सकती है और पेट में वसा का भंडारण बढ़ा सकती है.

विषैले तत्वों से ग्रस्त शरीर : कब्ज के कारण शरीर में विषाक्त पदार्थों का निर्माण हो सकता है, जिससे मेटाबॉलिज्म धीमा हो सकता है और वजन कम करना मुश्किल हो सकता है.

पेट फूलना: कब्ज के दौरान पेट फूलने की समस्या का सामना करना पड़ता है. इससे आपका पेट सचमुच बड़ा दिखाई देता है.

तनाव और चिंता: पुरानी कब्ज से तनाव और चिंता बढ़ सकती है, जिसके कारण पेट में वसा का संचय बढ़ सकता है.

पोषण संबंधी कमियां : कब्ज के कारण आवश्यक पोषक तत्वों का खराब अवशोषण हो सकता है, जिसमें निम्नलिखित पोषक तत्व शामिल हैं:-

1.विटामिन बी3:मेटाबॉलिज्म और एमर्जी प्रोडक्शन के लिए महत्वपूर्ण 2.विटामिन बी6: मेटाबॉलिज्मऔर फैट लॉस के लिए महत्वपूर्ण 3.विटामिन बी7: मेटाबॉलिज्मऔर फैट लॉस के लिए आवश्यक

स्लो मेटाबॉलिज्म : कब्ज पाचन और चयापचय को धीमा कर सकता है, जिससे वजन कम करना और पेट की चर्बी कम करना मुश्किल हो जाता है.

खराब लाइफस्टाइल: गतिहीन जीवनशैली से कब्ज बढ़ सकती है, जिससे पेट की चर्बी सहित कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं.

आंत संबंधी डिस्बायोसिस: कब्ज आंत के बैक्टीरिया के संतुलन को बाधित कर सकता है, जिससे शरीर में फैट के प्रसंस्करण और भंडारण के तरीके में परिवर्तन हो सकता है. इससे पेट की चर्बी कम करना मुश्किल हो जाता है.

जंक फूड का सेवन: प्रोसेस्ड फूड आइटम्स और चीनी से भरपूर आहार से कब्ज बढ़ सकता है, जिससे पेट की चर्बी सहित कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं.

## शाहिद कपूर देवा को दूसरे दिन मिली मामूली बढ़त, किया 11.75 करोड़ का कारोबार



शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की कॉप एक्शन देवा 31 जनवरी को रिलीज हुई. फिल्म ने 5.5 करोड़ के साथ बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग की. सिनेमाघरों में पहले से ही अक्षय कुमार की स्काई फोर्स और कंगना की इमरजेंसी चल रही है जिसका खामियाजा देवा को पहले ही दिन भुगतना पड़ा. हालांकि अब दूसरे दिन फिल्म की कमाई बेहतर हुई है. आइए जानते हैं शाहिद कपूर की फिल्म का दूसरे दिन कैसा रहा बॉक्स ऑफिस पर हाल.

5.50 करोड़ से बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग करने वाली देवा का दूसरे दिन कलेक्शन 6.25 करोड़ रूपये रहा. रिलीज से पहले देवा ने खूब सुर्खियां भी बटोरीं लेकिन कमाई के मामले में देवा ने पहले दिन निराशाजनक प्रदर्शन किया. अब दोनों दिनों का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 11.75 करोड़ हो गया है. शनिवार को हिंदी में देवा ओवरऑल 13.07त्न ऑक्यूपेंसी रही.

शाहिद कपूर की पिछली फिल्मों में तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने बॉक्स ऑफिस पर 6.7 करोड़ के साथ ओपनिंग की थी और यह फिल्म हिट रही थी. वहीं 2019 में रिलीज हुई कबीर सिंह ने 20.21 करोड़ और 2018 में बत्ती गुल मीटर चालू ने 6 करोड़ के साथ खाता खोला था. इन फिल्मों की तुलना में देवा ने निराशानजक प्रदर्शन किया है.



## अनुपमा का हिस्सा बनना सपना सच होने जैसा : अद्रिजा रॉय

अभिनेत्री अद्रिजा रॉय लोकप्रिय टीवी शो 'अनुपमा' में काम करने को लेकर उत्साहित हैं। शो में अभिनेत्री के किरदार का नाम 'राही' है। उन्होंने बताया कि उनके और उनके किरदार के बीच बहुत सी समानताएं हैं और 'अनुपमा' में काम करना सपना सच होने जैसा है। अद्रिजा रॉय ने कहा, राही और अद्रिजा के बीच बहुत सी समानताएं हैं। वह व्यावहारिक है, हर चीज को समझने की कोशिश करती है और वह अपनी मां से प्यार करती है। मैं बहुत सी चीजों से खुद को जोड़ पाती हूं। शुरुआत से ही मुझे इस किरदार में ढलने में ज्यादा समय नहीं लगा, क्योंकि कुछ अलग सोचने की जरूरत नहीं है। इस पीढ़ी की कोई भी लड़की परिस्थितियों पर जिस तरह रिएक्ट करती है, उसी तरह राही (चरित्र) भी रिएक्ट करती है। मुझे लगता है कि यह एक प्लस प्वाइंट है। उन्होंने सह-कलाकार शिवम खजूरिया के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करने के बारे में भी बात की। अभिनेत्री ने कहा, शिवम और मेरे बीच बहुत अच्छा रिश्ता है क्योंकि हम लगभग एक ही उम्र के हैं। पहले दिन से ही हमारी बॉन्डिंग मजबूत थी। हम एक साथ सीन्स पर चर्चा करते थे, तय करते थे कि हम क्या करेंगे और हम उन्हें कैसे करेंगे। जब आप योजना बनाते हैं और एक-दूसरे के साथ सहज होते हैं, तो यह स्वाभाविक रूप से सीन में दिखाई देता है। शायद इसीलिए दर्शकों को यह पसंद आया है। अद्रिजा रॉय ने बताया कि 'अनुपमा' जैसे शो का हिस्सा बनने पर वह खुद को भाग्यशाली महसूस करती हैं। उन्होंने कहा, मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे अनुपमा जैसे बड़े शो का हिस्सा बनने का मौका मिला। अनुपमा एक ब्रांड है, इसलिए स्वाभाविक रूप से मैं बहुत उत्साहित हूं। मेरा किरदार, पूरी टीम, और शो से जुड़ी हर चीज कहानी, मौजूदा ट्रैक, सब कमाल का है।

## किरण अब्बावरम स्टारर दिलरुबा का पहला गाना अग्गीपुल्ले रिलीज

युवा और प्रतिभाशाली नायक किरण अब्बावरम आगामी रोमांटिक और एक्शन एंटरटेनर दिलरुबा में अभिनय कर रहे हैं, जिसमें रुखसार ढिल्लन मुख्य भूमिका निभा रही हैं। इस फिल्म का निर्माण शिवम सेल्युलॉइड्स और प्रसिद्ध संगीत लेबल सारेगामा द्वारा प्रोडक्शन कंपनी ए यूडल फिल्म के तहत संयुक्त रूप से किया जा रहा है। निर्माताओं में रवि, जोजो जोस, राकेश रेड्डी और सारेगामा शामिल हैं। फिल्म का निर्देशन विश्व करुण ने किया है। दिलरुबा 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। आज निर्माताओं ने पहला सिंगल अग्गिपुले रिलीज किया। इस गाने में मधुर संगीत है जो मजबूत भावनाओं को जगाता है, जिसमें हवा की तरह एक क्रोधित और तीव्र शक्ति का वर्णन किया गया है, जो दबाव और अथक है। इस ट्रैक में भास्कर बटला द्वारा लिखे गए शक्तिशाली बोलों के साथ एक खूबसूरत धुन का संयोजन है। शीर्ष गायक अनुराग कुलकर्णी ने इस धुन को शानदार ढंग से गाया है।

## शब्द सामर्थ्य - 316

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | 2 | | 3 | | |
| | | 4 | | | | 5 | 6 | |
| 7 | | | | | | | | |
| | | | | 8 | 9 | | | 10 |
| 11 | | | 12 | | | | | |
| | | 13 | | 14 | | | | |
| | | 15 | | | | 16 | | |
| 17 | 18 | | | | 19 | | | |
| | | | | 20 | | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 315 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | | स | र | ग | म | |
| त्री | | सी | | | क्षा | | धु | र्रा |
| | सा | ह | स | | | | र | |
| स्वा | ग | त | | स | म | झौ | ता | |
| व | र | | | र | | | | म |
| लं | | वि | ला | स | | | दा | म |
| बी | न | | ज | | सा | मा | न | ता |
| | ज | | वा | हि | या | त | | |
| त | र | की | ब | | ना | | खा | ली |

# फुटबॉल का खेल टीमवर्क सिखाता है:झा

### अखिल भारतीय गोल्ड कप प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

### मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बिहार के गोलकीपर ऋषभ को

**कोरिया चरचा कालरी।** कोल इंडिया के इतिहास में सर्वाधिक समय से आयोजित होने का इतिहास रखने वाली अखिल भारतीय सेशन स्मृति स्वर्ण कप फुटबॉल प्रतियोगिता वर्ष 2025 का भव्य शुभारंभ महाजन स्टेडियम के विशाल परिसर में मुख्य अतिथि बी.एन. झा मुख्य महाप्रबंधक बैकुंठपुर क्षेत्र, कार्यक्रम के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सह क्षेत्र प्रबंधक विशिष्ट अतिथि अरुण कुमार जयसवाल अध्यक्ष नगर पालिका शिवपुर चर्चा की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

विदित हो कि इस गौरवशाली प्रतियोगिता का यह 49 वां वर्ष है जो अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। अगले वर्ष इस आयोजन का 50 वा अर्थात गोल्डन जुबली वर्ष होगा उद्घाटन समारोह के प्रारंभ में मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि का स्वागत बैंड बाजे के साथ किया गया इसके पश्चात अतिथियों के द्वारा स्वर्गीय महाजन वी स्वर्गीय सेशन की प्रतिमा के



सामने श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए पूर्व के भांति राष्ट्रगान वी कोल इंडिया के कॉर्पोरेट कॉर्पोरेट गण के साथ मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रारंभ कराया प्रतियोगिता का पहला मैच एम.के.एफ.सी बक्सर बिहार व आईडीसी मणिपुर के बीच बहुत ही रोमांचक मैच खेला गया इस मैच में कई विदेशी खिलाड़ी भी प्रदर्शन कर रहे थे मैच में हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित थे। मैच प्रारंभ होने के साथ ही दोनों टीमों के खिलाड़ी को द्वारा जबरदस्त खेल का प्रदर्शन करते हुए कई मूवमेंट बनाए गए किंतु या गोल में परिवर्तन नहीं हो सके आप टाइम के पश्चात पुणे खेल प्रारंभ होने के तीसरे मिनट में मणिपुर की टीम के एक खिलाड़ी को रेफरी द्वारा रेड कार्ड दिखाए गया बक्सर बिहार की टीम में कई विदेशी खिलाड़ी भी खेल रहे थे पूरे मैच के दौरान दोनों की टीम कोई गल नहीं कर सकी जिसकी वजह से रेफरी के द्वारा पेनल्टी शूटआउट का निर्णय लिया गया जिसमें बक्सर की टीम 4-3 से विजई हुई द्व इस मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बक्सर की टीम के खिलाड़ी गोलकीपर ऋषभ को मुख्य अतिथि बी.एन .झा व विशिष्ट अतिथि अरुण कुमार जायसवाल के द्वारा दिया गया। उद्घाटन समारोह में हजारों की संख्या में खेल प्रेमी दर्शक उपस्थित थे इस अवसर पर मुख्य अतिथि बीएन झा ने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह गर्व का विषय है कि अखिल भारतीय स्तर पर फुटबॉल टूर्नामेंट के 49 वर्षों की निरंतर आयोजन का श्रेय बैकुंठपुर क्षेत्र को है। यह गोल्ड का फुटबॉल का खेल हमारे खिलाड़ियों कर्मचारी को टीमवर्क सीखना है इस गौरव शाली प्रतियोगिता में 13 राजकीय 18 टीम में भाग ले रही हैं यह आयोजन निरंतर चलता रहेगा जब तक यह खदान चलती रहेगी अगले वर्ष हम इस महान प्रतियोगिता का 50 व गोल्डन जुबली वर्ष मनाएंगे मैं आशा करता हूं कि आयोजन 100 सालों तक चलता रहे उद्बोधन के क्रम में प्रतियोगिता के सचिव डॉक्टर अशोक विराजी ने कहा कि इस आयोजन को और भी बेहतर बनाने हेतु हम सभी संकल्पित हैं इस क्षेत्र की खेल प्रेमी जनता का बहुत सहयोग मिलता है। यहां के कर्मचारी अधिकारी जिनके आर्थिक सहयोग से यह आयोजन चल रहा है इस छोटी सी जगह में यह अद्भुत आयोजन बहुत बड़ी उपलब्धि है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु मोहम्मद रियाज धर्मेंद्र सिंह अशोक निर्मलकर सुनील बरला अब्दुल्ला रोशन मोहम्मद ताहिर प्रदीप डे विशेष रूप से सक्रिय रहे।

**पालिका अध्यक्ष ने दिया सहयोग** - उद्घाटन समारोह में उपस्थित नगर पालिका शिवपुर चर्चा के अध्यक्ष अरुण कुमार जायसवाल ने मैच के दौरान घोषणा की कि प्रतियोगिता के फाइनल मैच के प्रथम व द्वितीय विजेताओं को गोल्ड कप, और रनर ट्रॉफी देंगे इसके अतिरिक्त चर्चा के सभी खिलाड़ियों को ट्रैक सूट दिया जाएगा।

परम्परा है कायम

## एक बार फिर रनई ग्रापं निर्विरोध, सरपंच सहित 15 पंच

### आजादी के बाद से नही हुआ चुनाव...रनई जमींदार योगेश शुक्ला की...एकता की मिसाल..बना रिकॉर्ड..



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले की एकमात्र ग्राम पंचायत रनई में भारत देश के आजाद होने के बाद से आज तक पंचायत के चुनाव नहीं हुए हैं। यह परंपरा 2025 के पंचायती चुनाव में भी कायम रही है दरअसल लोगों को एकजुट रख कर आम सहमति से सभी को निर्विरोध निर्वाचित करना यह रनई जमीदार के व्यक्तित्व और व्यवहार से संभव हो पता है। वर्तमान में रनई के जमींदार और कांग्रेस के पीएससी सचिव योगेश शुक्ला ने भी इस परंपरा को कायम रखते हुए ग्राम पंचायत रनई की अजजा सीट पर बबिता ठाकुरिया सहित 15 पंचों का निर्विरोध निर्वाचन कराने में अपनी अग्रणी भूमिका निभाई है। योगेश शुक्ला की पूर्व उनके दादा रनई स्व. हनुमान प्रसाद शुक्ला एवं पिता स्व. बिजेंद्र प्रसाद शुक्ला भी जब रनई जमींदार हुआ करते थे तभी से रनई ग्राम पंचायत में आम सहमति से सभी को निर्विरोध निर्वाचित किया जाता था कोई भी प्रत्याशी किसी के विरोध में चुनाव लड़ने के लिए आगे नहीं आता था आज भी यह परंपरा कायम है और नई जमीदार के रूप में योगेश शुक्ला अपने शानदार व्यक्तित्व और व्यवहार की वजह से 2025 में भी ग्राम पंचायत रनई के पंच, सरपंच का निर्विरोध हुआ है जो जो संभवत पूरे हिंदुस्तान में एक मिसाल के साथ एक रिकॉर्ड भी है।

## नुक्कड़ सभा और जमीनी जनसंपर्क कर मतदाताओं को साधने में जुटे विधायक भईया लाल

**कोरिया बैकुंठपुर।** प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री व बैकुंठपुर के वर्तमान विधायक भईया लाल राजवाड़े जिनकी कोरिया जिले के मतदाताओं के बीच अच्छी पैठ मानी जाती है। और जिसका एकमात्र कारण है की विधायक भईया लाल कोरिया जिले के आमजन के साथ हमेशा से नजदीकी तौर पर जुड़े रहे और उनका खयाल रखा । अब जब त्रिस्तरीय चुनाव का दौर शुरू है जिसको लेकर विधायक का समूचे क्षेत्र में सघन जनसंपर्क अभियान जोर पकड़ लिया है । विधायक भईया लाल ने बीते सप्ताह में जिले अंतर्गत पहले फेज का जनसंपर्क कर पूरा कर लिया है । अवगत करा दें की जहां एक तरफ भाजपा समर्थित निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रत्याशियों के नामांकन संबंधी गहमागहमी जारी थी वहीं। क्षेत्रीय विधायक पटना नगर पंचायत क्षेत्र में मतदाताओं के बीच जनसंपर्क के माध्यम से निकाय प्रत्याशियों के पक्ष में समीकरण बनाने जोरआजमाइश करते रहे। विधायक भईया लाल राजवाड़े व भाजपा कार्यकर्ताओं की टोली सुबह से देर रात तक नुक्कड़ सभा आयोजित कर व घर घर पहुंच मतदाताओं को केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियां और प्रदेश के विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन और विकास को स्मरण कराते हुए भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील कर रही है। ताकि केंद्र व प्रदेश की भांति नगर व गांव का घर घर भाजपामय हो सके । अवगत करा दें की जिस तरह बड़े कद के नेताओं में शुमार विधायक भईया लाल के क्षेत्र में निकलते ही विशाल जन समुदाय भाजपा के पक्ष में चुनावी माहौल बनाने उनके खेमे के साथ आ जाता है उसी तरह बीते 6 वर्षों तक भाजपा कार्यकर्ताओं के मुखिया के रूप में कार्य करने वाले कोरिया के निवर्तमान भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल को मिली जिम्मेदारी स्वरूप दायित्व निर्वहन में जिले के भाजपा कार्यकर्ता भी चुनावी सफलता अर्जित करने कदम से कदम मिलाकर एकजुट कार्य करते देखे जा रहे हैं।

# खदान के केबल चोरों को पकड़ा पुलिस ने

**चरचा कालरी।** एसईसीएल चर्चा वेस्ट खदान के स्टोर व अन्य जगहों पर हो रही लगातार चोरी की घटनाओं के आरोपियों को पुलिस ने पकड़ने में सफलता प्राप्त की .दिनांक 2 जनवरी 2025 को प्रार्थी प्रहलाद पिता स्व. ललन प्रसाद प्रधान सुरक्षा प्रहरी आर.ओ. चरचा का थाना उपस्थित आकर वेस्ट खदान के स्टोर रूम से केबल (तांबा तार) चोरी के संबंध में एक लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर प्रथम सूचना पत्र दर्ज कराया कि यह दिनांक01.02.2025 के रात्रि 10 से सुबह 06 बजे तक वेस्ट खदान के स्टोर रूम में इसकी ड्यूटी थी रात्रि में घुटरी दफाई चरचा का सुदेश उर्फ सुमन पनिका, विजय बसोर और विशाल पनिका तीने हाथ में तलवार, टांगी, और डण्डा रखकर आए और प्रार्थी को मारने की धमकी देकर जबरन, स्टोर रूम के अन्दर जाकर अन्दर रखे तांबा तार को चोरी कर ले गए है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना चरचा में आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 43/2025 धारा 331(6), 305(ड्ड), 3(5) ब्र्हस् कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी 01. सुदेश उर्फ सुमन पिता बेचूलाल उम्र 28 वर्ष , 02. विजय पिता बडेराघव उम्र 30 वर्ष 03. विशाल पिता अरविंद उम्र 20 वर्ष तीनो निवासी घुटरी दफाई



चरचा को पुलिस हिरासत में लेकर पुछताछ कर उनके मेमोरेंडम के आधार पर चोरी के समान को खरीदने वाले कबाड़ी पुनीत ताम्रकार पिता लल्लू साव ताम्रकार उम्र 30 वर्ष निवाशी बैकुण्ठपुर को हिरासत में लेकर चोरी का समान तांबा तार कीमत 50000 एवं नगदी रकम 1300रुपये तथा घटना में प्रयुक्त हथियार तलवार, टांगी और डंडा जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। प्रकरण के आरोपी सुदेश उर्फ सुमन थाना चरचा का निगरानी बदमाश है, इसके अलावा आरोपी विजय बसोर, विशाल तथा पुनीत ताम्रकार आदतन अपराधी है जिनके विरुद्ध थाना चरचा एवं बैकुण्ठपुर में कई अपराध पंजीबद्ध है।

चोरी को आरोपियों को पकड़ने में प्रमोद पांडे थाना प्रभारी चर्चा, अनिल सोनवानी उपनिरीक्षक, सत्येंद्र तिवारी प्रधान आरक्षक, राजेश लकड़ा आरक्षक ,अजीत रजवाड़े ,विजय सिंह, साकेत मरकाम, प्रभु राजवाड़े ,सतीश सिंह , जुपेंद्र कुशवाहा विशेष रूप से सक्रिय रहे।

## अभ्यर्थियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष ईवीएम मशीन का हुआ रेंडमाइजेशन

**कोरिया बैकुंठपुर।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चन्दन त्रिपाठी की अध्यक्षता तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी डी.डी. मंडावी, रिटर्निंग अधिकारी उमेश पटेल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ईवीएम का रेंडमाइजेशन किया गया। इस प्रक्रिया में नगर पंचायत पटना निर्वाचन के उम्मीदवार व विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित प्रतिनिधियों को ईवीएम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही मास्टर ट्रेनर द्वारा ईवीएम से मतदान की प्रक्रिया को समझाया गया तथा प्रतिनिधियों की शंकाओं एवं प्रश्नों का समाधान किया गया। बता दें नगर पंचायत पटना में एक अध्यक्ष पद व 15 वार्डों के लिए पार्षद पद के लिए निर्वाचन होना है और 15 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिसमे से 30 यूनिट रखी जायेगी। निर्वाचन के दौरान मशीन में किसी तरह की खराबी आने पर तत्काल बदलने की कार्यवाही भी की जाएगी। इसके लिए अतिरिक्त 15 मशीन भी रिजर्व में रखा जाएगा। इस सम्बंध में सभी को प्रशिक्षित किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने सभी अभ्यर्थियों व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के तहत प्रचार-प्रसार करें, उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा की कि बिना अनुमति के रैली, जुलूस, सभा आदि कार्य करने पर कार्यवाही की जाएगी।

## दो बार बटन दबाने होंगे

**कोरिया बैकुंठपुर।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पंचायत पटना के 15 वार्डो में पार्षद पद सहित अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होना है। इसके लिए 11 फरवरी को मतदान होगा। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा इस सम्बंध में मतदाताओं को जागरूक करने और अपने मताधिकार का सही तरीके से ईवीएम में उपयोग करने के लिए आज मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के निर्देशन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी डी.डी. मंडावी एवं रिटर्निंग अधिकारी उमेश पटेल की उपस्थिति में मास्टर्स ट्रेनर्स ने मीडिया प्रतिनिधियों को चुनाव में प्रयुक्त हो रहे एम-2 मशीन के सम्बंध में विस्तार से जानकारी देते हुए मतदान के दौरान अपने पसंद के उम्मीदवार को बैलेट यूनिट में मतदान करने के तरीकों को बताया। उन्होंने जानकारी दी गई कि मतदाता को एक ही बैलेट बटन में एक अध्यक्ष पद के लिए और एक पार्षद के लिए दबाना होगा, इस दौरान बीप की आवाजें भी सुनाई देंगी। बैलेट यूनिट में नोटा और इंड का विकल्प भी होगा। पटना नगर पंचायत के रिटर्निंग अधिकारी उमेश पटेल ने बताया कि आम नागरिकों को भी ईवीएम से वोट डालने के सम्बंध में वार्ड स्तर पर जागरूक किया जा रहा है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला में मीडिया प्रतिनिधियों को बताया गया कि मतदाताओं को मतदान केंद्र में अपना पहचान पत्र लाना होगा। मतदान केंद्रों में मतदान दलों के अधिकारियों द्वारा नाम एंट्री करने, तर्जनी उंगली में स्याही लगाने और स्लीप देने के पश्चात क्रमवार मतदाताओं को बूथ में लगी ईवीएम मशीनों में वोट डालना है।

## भगवान शिव परशुराम की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न



ब्राह्मण समाज का भव्य आयोजन

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में भगवान शिव परशुराम मंदिर का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के प्रेम बाग मंदिर परिसर में भगवान शिव परशुराम का प्राण प्रतिष्ठा चार-पांच दिनों के भव्य आयोजन के बाद संपन्न हो गया। इस आयोजन को संपन्न कराने में ब्राह्मण संस्कार सेवा समिति के द्वारा जी तोड़ मेहनत कर संपन्न कराया गया।

इस आयोजन में कोरिया जिले सहित महेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर , सूरजपुर , अंबिकापुर, बिलासपुर, रायपुर, पेंड्रा मरवाही, वृंदावन मिर्जापुर, रावटसगंज, के ब्राह्मणों ने भरपूर सहयोग करते हुए संपन्न कराया। इस आयोजन में ब्राह्मण संस्कार समिति के जिला अध्यक्ष अशोक पांडे, ज्योति प्रकाश दुबे, प्रदीप तिवारी, ओकार पांडे, सुनील शर्मा, विपुल शुक्ला, प्रवेश द्विवेदी, सुनील दुबे, पुष्पराज तिवारी, गजानंद तिवारी, ओंकार नाथ पांडे, विनोद तिवारी, सहित ब्राह्मण संस्कार समिति तथा ब्राह्मण समाज के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं पर विद्वान पंडित बृजराज देव पांडे के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में यजमान के रूप में गुरु प्रसाद दुबे इंद्र प्रसाद तिवारी दीप कुमार शर्मा की भूमिका महत्वपूर्ण रही जिन्होंने इस कार्यक्रम को संपन्न कराने में अपना अमूल योगदान दिया कोरिया जिले के लिए निश्चित तौर पर यह कार्यक्रम अविस्मरणी रहेगा। इस कार्यक्रम में बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री भैया लाल राजवाड़े शैलेश शिवहरे सहित जिले के अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिए।

## न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में माँ सरस्वती पूजा का आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ हेल्थ एण्ड एजुकेषन सोसायटी द्वारा संचालित न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, में बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजा का कार्यक्रम रखा गया।

# कांग्रेस का सस्पेंस खत्म

### जिपं सदस्य के लिए दिग्गज नेता वेदांती तिवारी व बिहारी राजवाड़े ने भरा नामंकन,वहीं संगीता राजवाड़े ने भी नॉमिनेशन कर मचाई खलबली,भाजपा की राजनीतिक घेरा बन्दी में उलझी कांग्रेस, जनपद की सूची अब तक नही जारी

**कोरिया बैकुंठपुर।** भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिक घेराबंदी में कांग्रेस इस कदर उलझ गई है कि जिला पंचायत सदस्यों के नामांकन दाखिल करने के बाद उसे अपने सभी सदस्यों की सूची जारी करना पड़ा नामांकन दाखिल करने तक कांग्रेस समर्थित सदस्यों की सूची पार्टी जारी नहीं कर पाई थी। लेकिन कांग्रेस के दिग्गज नेता वेदांती तिवारी और बिहारी लाल राजवाड़े के नामांकन भरने के साथ ही कांग्रेस का यह सस्पेंस खत्म हो गया लेकिन कांग्रेस अभी भी जनपद सदस्य के सभी उम्मीदवारों की अधिकृत घोषणा नहीं कर पाई है जबकि आज नामांकन की अंतिम तिथि का समय भी समाप्त हो चुका है।

कांग्रेस पार्टी ने आज जो सूची जारी की उसके मुताबिक जिला पंचायत कोरिया के क्षेत्र क्रमांक 1. से श्रीमती अनु देवी 2. राजेश सिंह 3. सुनीता देवी 4. बिहारी लाल राजवाड़े 5. श्रीमती आशा साहू 6. श्री वेदांती तिवारी 7. सुरेश सिंह 8. श्रीमती जयंती चेरवा 9. श्रीमती राम बाई10. श्रीमती कलावती मरकाम को कांग्रेस का अधिकृत प्रत्याशी बनाया गया है लेकिन क्षेत्र क्रमांक 1 से कांग्रेस पार्टी से दावेदार रही संगीता राजवाड़े ने भी नामांकन भरकर कांग्रेस पार्टी में खलबली मचा दी है। वहीं क्षेत्र क्रमांक 4 से पूर्व जनपद अध्यक्ष माला सिंह ने भी नामांकन दाखिल कर दिया है। अब देखना यह है कि कांग्रेस किसे मना है और कौन बागी होकर चुनाव लड़ता है। वहीं जनपद सदस्य क्षेत्र छिंदिया के लिए कांग्रेस अभी तक प्रत्याशी की घोषणा नहीं कर पाई है। यहां से कांग्रेस के लिए पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अनिल जायसवाल और पूर्व जनपद उपाध्यक्ष आशा महेश साहू ने भी नामांकन दाखिल किया है।

## सड़क हादसा, राज्य के 5 लोगों की मौत

**बलरामपुर।** रामानुजगंज उत्तर प्रदेश के हाथीनाला थाना अंतर्गत हुए सड़क दुर्घटना में छत्तीसगढ़ के पांच लोगों की रविवार के देर शाम मृत्यु हो गई थी घटना के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस एवं प्रशासन का संवेदनशील चेहरा सामने आया तत्परता से पुलिस के द्वारा जहां मृतकों को बेहतर इलाज के के लिए तत्काल बनारस बीएचयू के ट्रामा सेंटर भेजा गया वहीं मृतकों का तत्काल दुद्धी के पोस्टमार्टम हाउस में मृत छह लोगों का पोस्टमार्टम रात 12 बजे तक कर दिया गया था एवं 12:30 बजे तक स्वजनों को शव सौंप दिया गया। घटना में मृत सनाउल्लाह खलीफा का शव आज सुबह 4 के करीब रामानुजगंज पहुंच गया था। घटना से पूरे नगर में शोक की लहर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़क दुर्घटना में प्रधान आरक्षक रवि मिश्रा, उनकी मां एवं छोटे पुत्र सहित नगर के वार्ड क्रमांक एक निवासी दुर्गा प्रजापति,कदम्बी चौक निवासी सनाउल्लाह खलीफा उम्र 38 वर्ष की मृत्यु हो गई थी। घटना की सूचना पर जिले के कलेक्टर एवं एसपी मौके पर पहुंचे थे।

## शासकीय वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, उपसंचालक की मौत

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है. बलरामपुर जिले में एक सरकारी वाहन अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई. इस हादसे में कृषि विभाग में पदस्थ उपसंचालक की मौत हो गई है. टक्कर इतना जोरदार थी की वाहन के परखच्चे उड़ गए हैं. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. जानकारी के अनुसार, यह हादसा प्रतापपुर थाना क्षेत्र के गणेशपुर के पास हुआ है. बलरामपुर कृषि विभाग में पदस्थ उपसंचालक शिवकुमार प्रसाद बोलेरो वाहन से अंबिकापुर से बलरामपुर आ रहे थे। तभी गणेशपुर के पास उनकी गाड़ी का नियंत्रण खो गया और वाहन पेड़ से जा टकराई. टक्कर इतनी भीषण थी कि वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

# नगर पंचायत पटना के अध्यक्ष पद पर 5 और पार्षद के लिए 59 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरे

### नगर पंचायत पटना में अध्यक्ष पद के लिए महिला सीट आरक्षित

**कोरिया बैकुंठपुर।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पंचायत पटना अध्यक्ष पद के लिए 5 अभ्यर्थी एवं 15 वार्डों के पार्षद पद के लिए 59 अभ्यर्थी चुनाव लड़ेंगे। नगर पंचायत पटना के अध्यक्ष एवं पार्षद पद के लिए अभ्यर्थियों को प्रतीकों का आबंटन कर दिया गया है। अध्यक्ष पद के लिए भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी गायत्री सिंह को कमल, कांग्रेस के अभ्यर्थी श्रद्धा पांडेय को हाथ, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के उम्मीदवार पिंकी अखिलेश गुप्ता को बाल्टी, निर्दलीय अभ्यर्थी रैशुन कुरैशी को ऑटो एवं निर्दलीय अभ्यर्थी उमा सत्यव्रत पांडेय को गिलास आबंटित किया गया है।

वहीं नगर पंचायत पटना के वार्ड क्रमांक 1 अनारक्षित पार्षद पद के लिए कांग्रेस पार्टी के अभ्यर्थी सुरेंद्र कुमार को हाथ, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी शंकर प्रसाद सोनी को कमल, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के अभ्यर्थी आबिद हुसैन को आरी, निर्दलीय अभ्यर्थी किशन पाल सिंह को स्ट्रीट बिजली पोल, सन्तोष कुमार सोनी को टार्च, सूर्या गुप्ता को सिलाई मशीन, विनोद कुमार यादव को माला आबंटित किया गया है। वार्ड क्रमांक 2 अनुसूचित जनजाति के पार्षद पद के लिए भाजपा पार्टी के अभ्यर्थी श्री अहिबरन सिंह को कमल, कांग्रेस के अभ्यर्थी श्री विष्णु कुमार सिंह को हाथ चिन्ह आबंटित किया गया है। वार्ड क्रमांक 03 अनुसूचित जाति महिला के पार्षद पद के लिए भाजपा पार्टी के अभ्यर्थी निर्मला पोया को कमल, कांग्रेस के अभ्यर्थी वर्षा सारथी को हाथ चिन्ह आबंटित किया गया है।वार्ड क्रमांक 04 अनुसूचित जनजाति के पार्षद पद के लिए कांग्रेस पार्टी के अभ्यर्थी परेश कुमार सिंह को हाथ, भाजपा के अभ्यर्थी राकेश कुमार को कमल एवं निर्दलीय अभ्यर्थी देव सिंह को बिजली स्विच बोर्ड चिन्ह आबंटित किया गया है। वार्ड क्रमांक 05 अनुसूचित जाति के पार्षद पद के लिए भाजपा पार्टी के अभ्यर्थी गीता पोया को कमल, कांग्रेस के अभ्यर्थी कुंवरसाय घसिया को हाथ, निर्दलीय अभ्यर्थी रमा प्रमेश को सिलाई मशीन एवं शिवनारायण घसिया को कंप्यूटर प्रतीक चिन्ह आबंटित किया गया है। वार्ड क्रमांक 06 अनारक्षित पार्षद पद के लिए कांग्रेस के अभ्यर्थी राजेश कुमार सोनी हाथ, भाजपा के अभ्यर्थी रवि शंकर शर्मा को कमल, निर्दलीय अभ्यर्थी अनुराग भगत को बैट, राम जी को नारियल बगीचा एवं विवेक विश्वकर्मा को अलमारी का चिन्ह आबंटित किया गया है।वार्ड क्रमांक 07 अनुसूचित




जनजाति महिला पार्षद पद के लिए भाजपा के अभ्यर्थी प्रमिला सिंह को कमल, कांग्रेस के अभ्यर्थी प्रतिमा सिंह को हाथ चिन्ह आबंटित किया गया है। वार्ड क्रमांक 08 अनारक्षित पार्षद पद के लिए भाजपा पार्टी के अभ्यर्थी परस राम साहू को कमल, कांग्रेस के अभ्यर्थी वीरेन्द्र सोनी को हाथ एवं निर्दलीय अभ्यर्थी गौरव अग्रवाल को सिलाई मशीन चिन्ह आबंटित किया गया है। वार्ड क्रमांक 09 अन्य पिछड़ा वर्ग के पार्षद पद के लिए भाजपा पार्टी के अभ्यर्थी सत्येन्द्र सोनी को कमल, कांग्रेस के अभ्यर्थी वसीम खान को हाथ एवं निर्दलीय अभ्यर्थी अब्दुल इन्सार को झूला चिन्ह आबंटित किया गया है। वार्ड क्रमांक 10 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के पार्षद पद के लिए कांग्रेस पार्टी के अभ्यर्थी आस्था रजक को हाथ, भाजपा के अभ्यर्थी ज्योति देवांगन को कमल, निर्दलीय अभ्यर्थी अनुराधा रजक को कूलर एवं निर्दलीय अभ्यर्थी तारा सिंह को सिलाई मशीन चिन्ह आबंटित किया गया है। वार्ड क्रमांक 11 अनारक्षित पार्षद पद के लिए कांग्रेस पार्टी के अभ्यर्थी राजेन्द्र प्रसाद को हाथ, भाजपा के अभ्यर्थी तरूण जायसवाल को कमल, निर्दलीय अभ्यर्थी अखिलेश को आरी, अमित कुमार को हेलमेट एवं नमित कुमार पटवा को नारियल बगीचा चिन्ह आबंटित किया गया है। वार्ड क्रमांक 12 अनारक्षित महिला के पार्षद पद के लिए कांग्रेस पार्टी के अभ्यर्थी ज्योति चाफेकर को हाथ, भाजपा के अभ्यर्थी रेखा वर्मा को कमल, निर्दलीय अभ्यर्थी नसीम वहीद को सिलाई मशीन एवं निर्दलीय अभ्यर्थी तारा को कढ़ाई चिन्ह आबंटित किया गया है। वार्ड क्रमांक 13 अनारक्षित पार्षद पद के लिए भाजपा पार्टी के अभ्यर्थी सुनील यादव को कमल, कांग्रेस के अभ्यर्थी मो. वसीम खान को हाथ, निर्दलीय अभ्यर्थी राम रहीम यादव को ब्लेक बोर्ड एवं निर्दलीय अभ्यर्थी जाकिर हुसैन को टीवी रिमोट चिन्ह आबंटित किया गया है। वार्ड क्रमांक 14 अनारक्षित महिला पार्षद पद के लिए भाजपा पार्टी के अभ्यर्थी पूनम वर्मा को कमल, कांग्रेस के अभ्यर्थी रूचि सुजीत सोनी को हाथ, निर्दलीय अभ्यर्थी भारती शर्मा को अलमारी, निर्दलीय अभ्यर्थी मुशर्रत शाहिन को ब्लैक बोर्ड एवं निर्दलीय अभ्यर्थी पुष्पांशी पाण्डेय को सिलाई मशीन चिन्ह आबंटित किया गया है। वार्ड क्रमांक 15 अनारक्षित पार्षद पद के लिए भाजपा पार्टी के अभ्यर्थी ओम प्रकाश सिंह को कमल, कांग्रेस के अभ्यर्थी सौरभ कुमार सिंह को हाथ, निर्दलीय अभ्यर्थी अमित कुमार पाण्डेय को टेलीफोन, निर्दलीय अभ्यर्थी राकेश कुमार कुर्रे को सिलाई मशीन, निर्दलीय अभ्यर्थी शिवप्रकाश को नारियल बगीचा एवं निर्दलीय अभ्यर्थी विशाल यादव को टार्च चिन्ह आबंटित किया गया है। इस तरह नगर पंचायत पटना में 11 फरवरी को मतदान होगा। अध्यक्ष पद के लिए 5 और 15 वार्डो में पार्षद पद के लिए 59 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है।

## कलेक्टर ने ईव्हीएम प्रदर्शनी का किया निरीक्षण

**बैकुण्ठपुर।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विलास भोसकर ने सोमवार को मतदाताओं को ईव्हीएम की प्रक्रिया से अवगत कराने के लिए आयोजित ईव्हीएम प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। इस प्रदर्शनी के माध्यम से मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के बारे में जागरूक करना और ईव्हीएम के उपयोग में किसी भी प्रकार की उलझन से बचने के लिए उन्हें सही जानकारी देना है। ईव्हीएम प्रदर्शनी का आयोजन तिथिवार अलग-अलग वार्डों में किया जा रहा है, ताकि नगरीय निकाय क्षेत्र के सभी मतदाता ईव्हीएम के इस्तेमाल में सहज महसूस करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने देवीगंज वार्ड क्रमांक 15 और इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 17 में चल रहे ईव्हीएम प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने मतदाताओं से ईव्हीएम के बारे में फीडबैक लिया और उन्हें मतदान प्रक्रिया को समझाने के लिए स्वयं ईव्हीएम में वोटिंग कराकर दिखाया।

# शारदा विहार रेलवे क्रासिंग : गड्ढों में दबी सुरक्षा, अनहोनी की आहट!

**कोरबा।** पीएच रोड से शारदा विहार को जाने वाली मुख्य सड़क पर स्थित रेलवे क्रासिंग के क्षेत्र में बड़े-बड़े गड्ढों की उपस्थिति के कारण लोगों की जान संकट में है। हर दिन यहां गाड़ियों के फंसने और गिरने की घटनाएं सामने आ रही है। फिर भी इसे काफी हल्के से लिया जा रहा है। लोगों का सवाल है कि क्या रेलवे और अन्य संबंधित संस्थाएं किसी बड़ी दुर्घटना की प्रतीक्षा में है, ताकि इसके बाद काम किया जाए।

शारदा विहार क्षेत्र में स्थित रेलवे क्रासिंग लंबे समय से समस्यामूलक बनी हुई है जिसने हजारों लोगों को मुश्किल में डाल दिया है। 24 घंटे इस रास्ते से होकर छोटे-बड़े वाहन और आम लोगों का आना-जाना होता है। भारत एल्यूमिनियम कंपनी और डीएसपीएम 500 मेगावाट बिजली घर को एसईसीएल की खदानों से कोयला की आपूर्ति रेलवे द्वारा की जा रही है। दिन भर में कई रैक कोयला यहां से होकर बिजली घरों में पहुंच रहा है। मालगाड़ी के दबाव के कारण शारदा विहार क्रासिंग पर किए गए इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं। सड़क समपार में रेलवे ट्रैक को व्यवस्थित करने और जन सुविधा के लिए जो विकल्प दिया गया है उसमें क्रैक आने से गड्ढों की उपस्थिति बन गई है। ऐसे में आने-जाने के दौरान छोटी-बड़ी गाड़ियां यहां फंसने के साथ गिर जाती है। अब तक कई लोग चोटिल हो चुके हैं। समाचार के अलावा दूसरे माध्यम से भी यह विषय रेल प्रशासन, उद्योग प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में लाए जाने के बावजूद सड़क पर खतरे के निशानों को समाप्त करने के लिए न तो काम किया जा रहा है और न ही मानसिकता बनाई जा रही है। इसे देखते हुए अटकलें लगाई जा रही है कि शायद किसी बड़ी दुर्घटना की प्रतीक्षा जिम्मेदार अधिकारी कर रहे हैं ताकि इसके बाद रेलवे क्रासिंग को सुधारने के लिए जरूरी काम किया जा सके।



### जिला प्रशासन की दखल जरूरी

माना जा रहा है कि स्थानीय स्तर पर बनी हुई परेशानियों से जनता को निजात दिलाने के लिए अब जिला प्रशासन को दखल देना जरूरी हो गया है। उच्चाधिकारियों से फटकार मिलने पर रेल प्रबंधन कई बार विषय को बहुत जल्दी समझता है और आगे कदम बढ़ाता है। कुछ महीने पहले ट्रांसपोर्ट नगर रेलवे क्रासिंग की दुर्दशा का मामला लगातार प्रसारित किया गया। प्रशासन ने इसे समझा और तरीके से फटकारा तो एक सप्ताह में रेलवे क्रासिंग की दुर्दशा को बेहतर कर लिया गया।

### एआरएम को मतलब नहीं

रेल प्रबंधन के द्वारा कोरबा रेलखंड में पदस्थ किए गए एआरएम को आसपास की समस्याओं से कोई मतलब नहीं रह गया है। जनहित से जुड़ी समस्याओं पर जानकारी लेने के लिए फोन करने पर अधिकारी चीजों को अनसुना कर रहे हैं। यही कारण है कि अलग-अलग मौके पर नागरिक संगठन लापरवाह अफसरों पर भड़ास निकालने से नहीं चुकते।

## रानीअटारी में लोनर ने किया मवेशियों पर हमला : तीन मृत, दो घायल



**कोरबा।** जिले में हाथियों का आतंक कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है बल्कि और भी बढ़ता जा रहा है। हाथी यहां कभी घर को तोड़ दे रहे हैं तो कभी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। मवेशियों पर भी हाथियों द्वारा हमला किया जा रहा है जिससे पशुओं की या तो मौत हो जा रही है या घायल हो जा रहे हैं। हाथियों के आतंक से ग्रामीण बेहद परेशान हैं। उनके द्वारा हाथी समस्या के स्थाई समाधान की लगातार मांग की जा रही है लेकिन न तो वन विभाग कोई ठोस कदम उठा रहा है और न ही प्रशासन। जिससे परेशानी यथावत बनी हुई है। बीती रात जिले के कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज अंतर्गत बीजाडांड सर्किल के रानीअटारी गांव में सेमरहा क्षेत्र से अचानक धमके लोनर हाथी ने दशरथ नामक एक ग्रामीण के घर के पास बंधे मवेशियों पर हमला कर दिया जिससे जहां तीन मवेशियों की मौत हो गई वहीं दो अन्य घायल हो गए। घायल मवेशियों का उपचार जारी है। दंतैल ने दशरथ के आंगन में रखे अरहर को भी चट कर दिया। हाथी के आतंक से पीड़ित ग्रामीण ने वन विभाग को सूचना दी जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आज सुबह मौके पर पहुंचे और पंचनाम की कार्रवाई करने के बाद मृत मवेशियों का पोस्टमार्टम कराया और प्रकरण बनाकर मुआवजा स्वीकृति के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के हवाले कर दिया। लोनर के हमले में मृत मवेशियों में दो गाय व एक बैल शामिल है। लोनर द्वारा रानीअटारी में उत्पात मचाए जाने व इस दौरान मवेशियों को मौत के घाट उतार देने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक लोनर हाथी अभी भी बीजाडांड सर्किल के जंगल मे है। अत: रानीअटारी, बीजाडांड सहित आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। उधर केंदई रेंज के लालपुर परिसर में 13 तथा कापानवापारा में 7 हाथी विचरण कर रहे हैं जबकि एतमानगर के मड़ई परिसर में भी 18 से अधिक हाथियों की मौजूदगी बनी हुई है। केंदई रेंज के ढोढ़ाबहार में एक अन्य दल ने बस्ती में घुसकर दो ग्रामीणों के मकान को ढहा दिया।

## पांच संगठनों के चेहरे बदले गए

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा प्रोजेक्ट में सदस्यता अभियान जोर-शोर से चल रहा है। सभी पांच संगठनों ने अधिक से अधिक संख्या जोड़ने के लिए नए चेहरे को मौका दिया है। सबसे पहले एसकेएमएस के दीपक उपाध्याय ने हरनारायण केशरवानी को सचिव बनाकर सदस्य बढ़ाने की जिम्मेदारी दी। इसके बाद एचएमएस में अध्यक्ष रेशमलाल यादव ने अनुज राम को प्रोजेक्ट में अध्यक्ष की जवाबदारी दी है। इसके बाद बीकेकेएमएस के सचिव विरेंद्र राठौर का हटाकर संभाग में मंत्री बनाया गया और उनके स्थान पर बाबू सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। केएसएस में भी नीलांबर सिंह को अध्यक्ष बनाया गया है। कुछ दिनों पहले एसईकेएमसी ने भी अनिल राठौर को सचिव का दायित्व दिया गया है। यह सभी पांच संगठन चाहते हैं कि गेवरा प्रोजेक्ट में सबसे अधिक कोयला कामगार कार्यरत हैं जो अधिक संख्या जुटाने में सफल रहता है वही संगठन सबसे बड़ा संगठन के रूप में उभरकर सामने आता है। इसलिए सभी संगठन अपने-अपने तरीके से काम कर रहे हैं।

## अवतरण दिवस पर नर्मदा की पूजा, उपकृत हो रहा जनजीवन



**कोरबा।** अल्युमिनियम सिटी बालको नगर में नर्मदा सेवा समिति के द्वारा माघ शुक्ल सप्तमी को पुण्यसलिला मां नर्मदा के अवतरण दिवस पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधि विधान के साथ इस अवसर पर मां नर्मदा की पूजा अर्चना की गई।

मां नर्मदा सेवा समिति से जुड़े हुए लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए जिन्होंने सेक्टर पांच स्थित हनुमान मंदिर परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया। बालको नगर क्षेत्र के लिए दसवीं वर्ष में अनुष्ठान किया गया। स्थान स्तर पर यह पहला ऐसा आयोजन बन गया है जो किसी नदी के उपकार के प्रति समर्पित है। कार्यक्रम के अंतर्गत शास्त्रोक्त विधि परंपरा से मां नर्मदा की पूजा की गई। नर्मदा अष्टकम का पाठ इस अवसर पर किया गया। इसके माध्यम से अपने उद्गम स्थल से लेकर 1023 किलोमीटर के प्रवाह क्षेत्र में जनजीवन को अलग-अलग प्रकार से उपयुक्त करने वाली देवी नर्मदा के योगदान के प्रति कृतज्ञता की गई। आयोजन करने वालों में सभी लोग भारत अल्युमिनियम कंपनी के पूर्व कर्मचारी हैं जिन्होंने लंबे समय तक अमरकंटक स्थित बॉक्साइट खनन क्षेत्र परियोजना में अपनी सेवाएं दी। इस खनिज का उपयोग अल्युमिनियम कंपनी के द्वारा किया जाता रहा है। नर्मदा की छांव तले अपने जीवन के अनेक वर्ष व्यतीत करने और वाले बालकों के पूर्व कर्मचारी और उनके परिजन नर्मदा से जुड़ी यादव को बेहतर तरीके से सहैजे हुए हैं। इसलिए वे माघ शुक्ल सप्तमी को मां नर्मदा के अबतरण दिवस को श्रद्धापूर्वक आयोजित करते हैं।

## ओमपुर में गौरा पूजा के दौरान दो पक्ष भिड़े, मामला दर्ज

**कोरबा।** परंपरागत रूप से आयोजित गौरा पूजा के दौरान किसी बात को लेकर दो पक्षों में पहले कहा-सुनी हुई और फिर मारपीट की नौबत आ गई। रजगामार पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनी और अपराध दर्ज किया। अगली कार्रवाई की जा रही है। रजगामार चौकी प्रभारी लक्ष्मण खूंटे ने बताया कि एसईसीएल की ओमपुर कालोनी क्षेत्र में हाल में ही गौरा-गौरी पूजन का कार्यक्रम स्थानीय लोगों की ओर से आयोजित किया गया था। आयोजन में आसपस के समुदाय की उपस्थिति रही। इस दरम्यान किसी बात पर कहासुनी हुई। चौहान और यादव समूह के लोग इसमें शामिल बताए गए। उनके बीच मारपीट हुई जिसमें सामान्य चोट आई। पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस के पास शिकायत की गई। उक्तानुसार बीएनएस की धाराओं में दोनों पक्षों पर अपराध दर्ज किया गया है।

## निकाय और पंचायत चुनाव ने दिया हजारों हाथों को काम

**कोरबा।** नगरी निकाय और पंचायत चुनाव के माध्यम से शहरी व ग्रामीण संस्थाओं को अगले 5 वर्ष के लिए नए प्रतिनिधि प्राप्त होंगे। इन चुनाव ने हजारों हाथों को बेहतर काम दे दिया है और उनकी कमाई के अवसर बढ़ा दिए हैं।

शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्याशियों ने अपने वादे और इरादों को लोगों के पास पहुंचने के लिए हिंदी और छत्तीसगढ़ी भाषा के गीतों को सबसे अच्छा माध्यम समझा है। लोगों के मन में जगह बना सके, इस प्रकार के गीतों को महत्व दिया गया है। सस्ती दर और सहूलियत के साथ इस प्रकार के गीत गली मोहल्लों और आसपास के क्षेत्र में उपलब्ध रचनाकारों तैयार किए हैं और उन्हें आवाज देने वाले भी सहज तरीके से प्राप्त हो गए हैं। सुबह से रात तक डीजे और लाउडस्पीकर में प्रत्याशियों को वोट देने के अलावा उनकी अच्छाइयों को बताने वाले यह गीत बज रहे हैं। प्रत्याशियों के लिए गीत लिखने और गाने वालों ने बताया कि इस चुनाव ने उन्हें काफी कुछ दिया है और इसलिए वे फिलहाल कहीं की भी यात्रा पर जाने को तैयार नहीं है।

दूसरे नंबर पर कैटरर्स के साथ-साथ होटल कारोबारी है जिनके पास इस चुनावी सीजन में भारी व्यस्तता है। चुनाव आयोग ने प्रत्याशियों के लिए खर्च की सीमा तय की है और उन्हें दिए जाने वाले सामानों की अनुमानित कीमत भी तय की है। दोनों स्तर पर इसका तोड़ निकाला गया है और इस हिसाब से प्रत्याशियों की जरूरत की पूर्ति की जा रही है। कारोबार करने वालों ने बताया कि उनके पास जो लोग काम कर रहे हैं। उन्हें इस मौसम में अतिरिक्त और इसी हिसाब से रुपए दिए जा रहे हैं।। यही नहीं, प्रत्याशियों की गली मोहल्ले में निकलने वाली रैली भी वैसी नहीं है जैसा कि समझा जा रहा है। पता चला है कि प्रमुख राजनीतिक दल के साथ-साथ निर्दलीय प्रत्याशी अपनी रेलिया में ज्यादा दम दिखने के लिए भीड़ का सहारा लेने को मजबूर है। भीड़ का हिस्सा बने और अपने हाथ में किसी का भी झंडा थामने को तैयार रहने के लिए ऐसे लोगों को 200 और 300रुपए कुछ घंटे के लिए मिल रहे हैं। ऐसा आकलन किया जा रहा है कि पर्याप्त क्षमता का उपयोग करने वाले लोग इस चुनाव में केवल रैली में शामिल होने और अपनी उपयोगिता तय करते हुए 5 से 10हजार रुपए कमा सकते हैं।

## बोतली में खेत के पास मिला मनोरोगी का शव



**कोरबा।** बोतली गांव में एक 45 वर्षीय ग्रामीण की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह मानसिक रूप से अस्वस्थ था। पुलिस ने परिजनों की सूचना पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा के अंतर्गत मर्ग रजिस्टर्ड किया है। पंचनामा के बाद मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

करतला पुलिस थाना प्रभारी केके वर्मा ने बताया कि बोतली गांव में रहने वाले ग्रामीण कलम सिंह राठिया पिता कुंज राम राठिया की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। गांव के एक खेत के पास उसका शव आज सुबह देखा गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा किया। मृतक के परिजनों से पूछताछ करने पर जानकारी मिली है कि पिछले 5 वर्ष से मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। कई स्तर पर उसका उपचार कराया जा रहा था लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं आए। इस बीच उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कहां की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मृत्यु के वास्तविक कारण सामने आ सकेंगे।

## मेडिकल अनफिट पर चर्चा

**कोरबा।** इंटक फेडरेशन स्टेरिंग कमेटी की बैठक रांची में आयोजित की गई। जिसमें मेडिकल अनफिट के मामले पर चर्चा करते हुए कहा गया कि मेडिकल अनफिट के मामले में बीमारियों की संख्या कटौती करना गलत है। कुछ कोयला कामगार मेडिकल अनफिट होने के बाद भी उनके परिजनों को अभी तक नौकरी नहीं मिली है। एसईसीएल की ओर से केंद्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह, संदीप चौधरी शामिल हुए। पूरे कोल इंडिया में ज्यादातर काम ठेका मजदूर के द्वारा किये जा रहे हैं। इन ठेका मजदूरों को सुविधाएं दिए जाने के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। इन्हें आवास के अलावा मेडिकल सुविधा देने की बात कही गई। डीएवी स्कूल में भी ठेका मजदूरों के बच्चों को भर्ती देने व फीस में कटौती करने के मुद्दे को भी उठाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष जयमंगल सिंह व महामंत्री एस.क्यू.जामा ने सभी कंपनियों से आए पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए संगठन के मजबूती के लिए भी विचार विमर्श किया।

## जेसीसी सदस्यों का प्रतिनिधि मंडल मिलेगा प्रबंधन से

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर से लेकर सीजीएम ऑफिस कोरबा तक सड़क का निर्माण किया जाना है। यह सड़क गर्मी के मौसम में ही बन सकता है। बरसात आने के बाद सड़क का निर्माण नहीं हो सकेगा। मानिकपुर प्रबंधन ने सड़क बनाने का प्रस्ताव सीजीएम कार्यालय को भेजा है। इस संबंध में बीकेकेएमएस के संजय सिंह ने बताया कि मानिकपुर के कोयला कामगारों के अलावा अन्य क्षेत्रों के कामगारों को भी सड़क नहीं बनने से परेशानी हो रही है। कुछ दिनों के भीतर जेसीसी की बैठक बुलाकर सभी सदस्य प्रबंधन से मुलाकात करेंगे। इस बैठक में ललीन पवार, छतराम मिरी, चंद्रराम बंजारे, राजू श्रीवास्तव, उज्ज्वल बनर्जी, प्रमोद बनर्जी, सुब्रत दास, जी राजेश को बुलाया जाएगाा ताकि बैठक में ठोस निर्णय लिया जा सके। सभी संगठन सड़क निर्माण की मांग अपनी आईआर बैठक में कर चुके हैं।

## सुचारू रूप से होगी आवाजाही, सड़क से हटाई बाधाएं

### यातायात पुलिस और नगर निगम का अभियान

**कोरबा।** कोरबा शहर क्षेत्र में सभी सड़कों पर आवागमन को सुचारू रूप से बनाने की व्यवस्था की जा रही है। वाहन चालकों और लोगों को राहत देना इसका उद्देश्य है। पुलिस और नगर निगम ने संयुक्त रूप से इसके लिए अभियान जारी रखा है । अब तक कई क्षेत्रों में सड़कों के आसपास से कई प्रकार की बाधाओ को हटाया गया है।

पुलिस और निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने शहरी क्षेत्र से जुड़ी संबंधित समस्याओं को ध्यान में रखकर इनका निराकरण करना निश्चित किया है । इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में विद्युत मंडल चौक से स्टेडियम मुख्य मार्ग के दोनों तरफ जाम को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए रास्ते को नागरिकों के लिए बहाल किया गया। सड़क पर रखे गए अनुपयोगी वाहनों को हटाने की कार्रवाई की जिसके लिए पहले ही संबंधित लोगों को नोटिस दिए गए थे। इससे पहले कोरबा के निहारिका से सीतामढ़ी और राताखार से कुसमुंडा चौक तक कार्रवाई की गई थी जो कि अवैध पार्किंग से जुड़ी हुई थी। लगातार मामला अधिकारियों के ध्यान में था और इसका निराकरण करने की बात की जा रही थी। कहा गया है कि मुख्य सड़के अभागमन के लिए हैं और इन पर किसी भी तरह से बाधा उत्पन्न करना सही नहीं है और ऐसे मामले में कार्रवाई की जाएगी।



ट्रैफिक पुलिस के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर मनोज राठौर ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में करवाई सतत जारी रहेगी। पुलिस की ओर से की जा रही कार्रवाई में उप निरीक्षक मालिक राम जांगड़े, ईश्वरी लहरें, रामनारायण रात्रे, हेड कांस्टेबल संतोष सिंह, सीएसईबी चौकी के प्रभारी जितेंद्र यादव, हेड कांस्टेबल गोविंद सिंह और मेहमान कुर्रे ने इस कार्रवाई में हिस्सा लिया।

## कोल माइंस में कामगारों को दिए जाएं मजबूत गमबूट

### प्रबंधन से मांग की केएसएस ने

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना में कोयला कामगारों को दिया जाना वाला गमबूट स्तरहीन है। इस मामले को केएसएस के द्वारा आईआर बैठक में उठाया गया था। लेकिन अब इस मामले को मुख्यालय में रखने की बात कही जा रही है।

इसी महीने केएसएस की आईआर बैठक मुख्यालय में होगी। जिसमें कुसमुंडा परियोजना के समार सिंह, सॉजी जॉन शामिल होंगे। इनका कहना है कि कोयला खदान में उतरने वाले कामगारों को मजबूत गमबूट की आवश्यकता है। इसके अलावा आवास के मामले को भी रखा जाएगा। कुसमुंडा क्षेत्र में आरपीएफ के जवान कार्यरत नहीं हैं इसके बाद भी उनको यहां आवास मिला हुआ है। जिन स्थानों पर वे कार्यरत हैं उन क्षेत्रों में आरपीएफ के जवानों को आवास दिया जाए। कुसमुंडा में बाहर से स्थानांतरण होकर कोयला कामगार आ रहे हैं। कम आवास होने के कारण परेशानी होती है। अभी तक नए आवास बनाने का काम भी शुरू नहीं किया गया है।



## केवी में हवन-पूजन के साथ मनाया गया वसंतोत्सव

**कोरबा।** केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक -2 में ज्ञान की देवी सरस्वती का प्रकटोत्सव वसंत पंचमी का उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। प्राचार्य एस के साहू ने देवी सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस उपलक्ष में विद्यालय में विधिवत् हवन-पूजन किया गया। विद्यालय में प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दीं। केके मिश्रा, श्रीमती मीनाक्षी शर्मा एवं नितेश गुप्ता की देखरेख में सम्पन्न हुआ।












स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com